




# दैनिक छत्तीसगढ़ गौरव

डाक पंजीयन क्रमांक :जी2-112/सी.जी/बी.एल.पी./032/ 2023-2026

website:- chhattisgarhgaurav.in



इंदौर स्वीट्स

नमकीन और मिठाईयों की लंबी श्रृंखला के बाद अब केशर कुल्फी और दही कचौड़ी

हमारा विश्वास हैं

एक बार खायेंगे, बार-बार आयेंगें...

पावर हाऊस रोड, कोरबा

फोन-222833,222733



वर्ष 25 अंक 166 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रूपये | गुरूवार 18 सितंबर 2025 | डाक-शुक्रवार 19 सितंबर 2025 | chhattisgarhgaurav@rediffmail.com


## प्रथमेश

### यूक्रेन पर रूस का भीषण हमला, 100 से अधिक ड्रोन और 150 बम, अब जेलेंस्की को हथियार देगा अमेरिका

कीव ,18 सितंबर ( एजेंसी ) । रूसी सेना ने यूक्रेन के जपोरिजिया शहर पर बड़े हमले किए। रूस ने इस दौरान 100 से अधिक ड्रोन और लगभग 150 ग्लाइड बम दागे। यूक्रेन के राष्ट्पति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि अन्य शहर भी निशाने पर रहे। उन्होंने यूरोपीय नेताओं से अपील की है कि यूरोप की सुरक्षा के लिए बहुस्तरीय एयर डिफेंस सिस्टम तत्काल उपलब्ध कराया जाए।

जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर लिखा कि बीते दो हफ्तों में रूस ने 3,500 से अधिक ड्रोन, 2,500 से ज्यादा ग्लाइड बम और करीब 200 मिसाइलें यूक्रेन पर दागी हैं। उनका कहना है कि यूरोप की संयुक्त सुरक्षा केवल मजबूत वायु रक्षा प्रणाली से संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक रूस को भारी आर्थिक नुकसान नहीं होगा, वह युद्ध खत्म करने की दिशा में कदम नहीं उठाएगा। वहीं यूक्रेन ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पश्चिमी रूस के सारातोव क्षेत्र में स्थित एक तेल रिफाइनरी पर रात में हमला किया।

ग्लाइड बम से भारी तबाही

गौरतलब है कि रूसी ग्लाइड बम लड़ाकू विमानों से ऊंचाई से गिराए जाते हैं, जिनका बचाव करना बेहद मुश्किल है। क्षेत्रीय प्रमुख इवान फेडोरोव के अनुसार, रूसी सेना ने मल्टीपल रॉकेट लॉन्च सिस्टम से भी 10 हमले किए, जिनमें 10 अपार्टमेंट इमारतें और 12 निजी घर क्षतिग्रस्त हुए। जपोरिजिया में इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई, जबकि चार बच्चों सहित 20 लोग घायल हैं।




# ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया पाकिस्तान एलओसी से सटे इलाकों में लॉन्चिंग पैड एक्टिव

## घुसपैठ की फिराक में 40 आतंकी

श्रीनगर ,18 सितंबर ( एजेंसी )। ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाई पाकिस्तान की सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कश्मीर में मरनासन्न आतंकवाद को जिंदा करने के लिए बड़े पैमाने पर घुसपैठ का षडयंत्र रचा है। इसके तहत नियंत्रण रेखा ( एलओसी ) के साथ लगे इलाकों में और जम्मू-कश्मीर व पंजाब की अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट कई नए लॉन्चिंग पैड सक्रिय किए गए हैं।



सूत्रों ने बताया कि करीब एक दर्जन नए लॉन्चिंग पैड पिछले एक माह के दौरान एलओसी के पार सक्रिय हुए हैं। ये प्रमुख जगहें राजौरी-पुंछ, बारामुला-कुपवाड़ा और गुरेज के पास बताई जा रही हैं। साथ ही जम्मू के सांबा जिले के अंतरराष्ट्रीय सीमा पार लूनी और बड़ा बाबा मसरुर क्षेत्र में भी दो नए लॉन्चिंग पैड शुरू होने की सूचना है। प्रत्येक लॉन्चिंग पैड पर लगभग दो-तीन आतंकियों की मौजूदगी बताई जा रही है, कुल मिलाकर करीब 40 आतंकी सक्रिय बताए जा रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि इन आतंकियों में अधिकांश पाकिस्तानी पंजाब और ग़ुलाम जम्मू-कश्मीर के निवासी हैं, जबकि कुछ के कश्मीरी होने का दावा भी किया जा रहा है। कई ऐसे कश्मीरी आतंकियों की पहचान हुई है जो पिछले कुछ वर्षों में घाटी से अचानक लापता हुए थे या पासपोर्ट के आधार पर पाकिस्तान गए थे।

सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, इन लॉन्चिंग पैडों पर मौजूद आतंकियों को पाकिस्तानी सेना के विशेष दस्ते ( एसएसजी ) के साथ कुछ दिनों तक प्रशिक्षण भी दिया गया। इनके हैंडलर और आईएसआई अक्टूबर-नवंबर में इन आतंकियों को घाटी में घुसाने की फिराक में हैं। कोशिश यही है कि हिमपात शुरू होने से पहले—यानी सर्दियों आने से पहले—उन्हें घाटी के अंदर स्थित सेफहाउसों तक पहुंचा दिया जाए।

# उत्तराखंड में बादल फटने से तबाही, चमोली के तीन गांवों में दस लोग लापता, कई घर मलबे में दबे

चमोली/देहरादून,18 सितंबर( एजेंसी )। उत्तराखंड के चमोली जिले में देर रात बादल फटने और मूसलाधार बारिश के कारण भयंकर तबाही मच गई। नंदानगर तहसील के अंतर्गत आने वाले तीन गांव - कुंतरी लगाफाली, सरपाणी और धुर्मा - सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। इन गांवों में अचानक आई बाढ़ और मलबे के कारण कई मकान ढह गए और खेत-खलिहान तबाह हो गए हैं। हादसे में अब तक 10 लोगों के लापता होने की पुष्टि हुई है।



प्रशासनिक रिपोर्ट के अनुसार, कुंतरी लगाफाली गांव में भारी मलबा आने से छह घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं और यहां आठ लोग लापता हैं। वहीं, धुर्मा गांव में भी बादल फटने की सूचना मिली है, जहां पांच मकान बुरी तरह प्रभावित हुए हैं और दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। सरपाणी गांव में भी भारी नुकसान की खबर है। इसके साथ ही कुछ मवेशियों के बह जाने की भी आशंका है।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें तत्काल राहत और बचाव कार्य में जुट गईं। एसडीआरएफ की एक टीम नंदप्रयाग पहुंच चुकी है, जबकि एनडीआरएफ की टीम गोचर से रवाना की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुसार, घटनास्थल पर मेडिकल टीमों को भेजा गया है और तीन 108 एम्बुलेंस तैनात की गई हैं ताकि घायलों को तत्काल प्राथमिक चिकित्सा दी जा सके।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह हादसा रात के समय हुआ, जब ज्यादातर लोग गहरी नींद में थे। मलबा इतनी तेजी से आया कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। कुछ परिवारों के लोग अब भी लापता हैं, जिनकी तलाश मलबे में की जा रही है। प्रशासन ने बताया कि नुकसान का पूरा आकलन अभी नहीं हो सका है। प्राथमिकता मलबे में दबे लोगों को निकालने और प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की है।

# रामभद्रचार्य के कथा आयोजकों पर टेंट कारोबारी का 42 लाख हड़पने का आरोप, धमकी मिली

मेरठ ,18 सितंबर( एजेंसी )। उत्तर प्रदेश के मेरठ में स्वामी रामभद्रचार्य की कथा का आयोजन करने वाले आयोजकों पर 42 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगा है। गाजियाबाद में एबी ग्रेशन एक्टिविटी कंपनी चलाने वाले टेंट व्यवसायी अनुज अग्रवाल ने बताया कि मेरठ में रामकथा के लिए ग्रेटर नोएडा में दिव्य शक्ति ट्रस्ट की महामंडलेश्वर लाडली सरस्वती से सौदा हुआ था। अग्रवाल ने बताया कि काम पूरा होने पर 42 लाख रुपये का आधा भुगतान नहीं किया जा रहा और धमकी मिल रही है।

अग्रवाल ने बताया कि 8 से 14 सितंबर तक सिविल लाइंस के भामाशाह पार्क में कथा हुई थी, जिसमें पहले पंडाल का काम 1.21 करोड़ रुपये में बताया गया था, लेकिन सौदा 87 लाख रुपये में तय हुआ। आयोजकों ने 20 लाख रुपये एडवांस दिए और कथा के दौरान 25 लाख रुपये चुकाए। कथा अचानक 2 दिन पहले खत्म हो गई और अब 42 लाख रुपये नहीं मिल रहे हैं। अग्रवाल के पास सौदे का प्रमाण भी है।

अग्रवाल का कहना है कि उन्हें सौदे के लिए मां लाडली सरस्वती ने ग्रेटर नोएडा में आम्रपाली स्थित आवास में बुलाया था। अब जब उनको भुगतान नहीं हुआ है तो वह कई बार फोन मिला चुके हैं, लेकिन कोई जवाब नहीं मिल रहा। अग्रवाल भुगतान की बात करने ग्रेटर नोएडा स्थित लाडली सरस्वती के आवास भी गए थे, लेकिन वहां उनकी सुरक्षा में तैनात गनर ने धमकी दी और दोबारा न आने को कहा।

# 'कंगना रनौत आए तो थप्पड़ मार देना', कांग्रेस नेता के बिगड़े बोल से भड़की आग

चेन्नई ,18 सितंबर( एजेंसी )। भारतीय जनता पार्टी की सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत को लेकर तमिलनाडु कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बेहद आपत्तिजनक और भड़काऊ बयान दिया है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केएस अलागिरी ने लोगों से अपील की है कि अगर कंगना तमिलनाडु आती हैं, तो उन्हें तमाचा मार दिया जाना चाहिए। उन्होंने कंगना को अहंकारी बताते हुए उन पर बेतुकी बातें करने का आरोप लगाया।




दरअसल, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केएस अलागिरी से कंगना रनौत के उस पुराने बयान पर सवाल किया गया था, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि महिला कार्यकर्ता 100 रुपये लेकर विरोध प्रदर्शनों में शामिल होती हैं। इस सवाल पर अलागिरी अपना आपा खो बैठे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुए 'थप्पड़ कांड' का जिक्र करते हुए कहा, कंगना रनौत ने कई बार ऐसी बेतुकी बातें की हैं। एक बार जब वह एयरपोर्ट पर थीं तो एक महिला सुरक्षाकर्मी ने उन्हें थप्पड़ मार दिया था।जब वह( कंगना ) इस तरफ आएं, तो आपको यह बात भूले बगैर उन्हें थप्पड़ मार देना चाहिए। यह पूरा विवाद साल 2020 में हुए किसान आंदोलन के दौरान कंगना द्वारा किए गए एक ट्वीट से जुड़ा है। कंगना पर आरोप लगे थे कि उन्होंने आंदोलन में शामिल एक 73 वर्षीय बुजुर्ग महिला मोहिंदर कौर को अपमानित किया था। कंगना ने कथित तौर पर उन्हें गलती से शाहीन बाग की बिल्किस बानो समझ लिया था और कहा था कि ऐसी महिलाएं 100 रुपये लेकर किसी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हो जाती हैं। गौरतलब है कि इसी साल लोकसभा चुनाव जीतने के बाद चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर ने कंगना रनौत को थप्पड़ मार दिया था। कुलविंदर कौर ने कहा था कि वह किसान आंदोलन पर कंगना की टिप्पणियों से नाराज थीं। अब कांग्रेस नेता ने उसी घटना का हवाला देकर एक नए विवाद को जन्म दे दिया है।

# कर्नाटक में वोटर लिस्ट से कटे 6018 नाम, वोट चोरों को बचा रहे मुख्य चुनाव आयुक्त

## राहुल गांधी ने लगाए बड़े आरोप

नई दिल्ली ,18 सितंबर ( एजेंसी )। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने वोट चोरी का मुद्दा उठाया। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सबसे पहले, यह हाइड्रोजन बम नहीं है, हाइड्रोजन बम आने वाला है। यह इस देश के युवाओं को यह दिखाने और स्थापित करने में एक और मील का पत्थर है कि चुनावों में किस तरह धांधली की जा रही है।




राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में अलंद एक निर्वाचन क्षेत्र है। किसी ने 6018 वोटों को हटाने की कोशिश की। हमें नहीं पता कि 2023 के चुनाव में अलंद में कुल कितने वोट हटाए गए। ये संख्या 6,018 से कहीं ज्यादा है,लेकिन कोई उन 6018 वोटों को हटाते हुए पकड़ा गया, और यह संयोग से पकड़ा गया।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि हुआ यूं कि वहां के बूथ लेवल अधिकारी ने देखा कि उसके चाचा का वोट हटा दिया गया है, तो उसने जांच की कि उसके चाचा का वोट किसने हटाया, और उसने पाया कि वोट हटाने वाला एक पड़ोसी था। उसने अपने पड़ोसी से पूछा, लेकिन उन्होंने कहा कि मैंने कोई वोट नहीं हटाया। न तो वोट हटाने वाले व्यक्ति को और न ही जिसका वोट हटाया गया था, उसे पता था। किसी और ताकत ने इस प्रक्रिया को हाईजैक कर लिया और वोट हटा दिया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भी निशाना साधा है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त उन लोगों को बचा रहे हैं जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को नष्ट किया है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि मैं इस मंच पर ऐसा कुछ भी नहीं कहूंगा जो 100 प्रतिशत सत्य पर आधारित न हो। मैं अपने देश से प्यार करता हूं, अपने संविधान से प्यार करता हूं, लोकतांत्रिक प्रक्रिया से प्यार करता हूं, और मैं उस प्रक्रिया की रक्षा कर रहा हूं। मैं यहां ऐसा कुछ नहीं कहूंगा जो 100 प्रतिशत प्रमाण पर आधारित न हो जिसे आप निर्धारित कर सकें।

# महानगर में फिर फर्जी अंतर्राष्ट्रीय कॉल सेंटर रैकेट का भंडाफोड़, दस गिरफ्तार

कोलकाता ,18 सितंबर ( एजेंसी )। अवैध कॉल सेंटर खोलकर लाखों रुपये की ठगी के मामले में साइबर थाने की पुलिस ने नारकेलडांगा थाना इलाका सहित महानगर के कई जगहों पर अभियान चलाकर 10 लाख रुपये नकद, ढेर सारे सोने के गहने और महंगी घड़ियां बरामद कीं। धोखाधड़ी के आरोप में कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लालबाजार सूत्रों के अनुसार, आरोपी कोलकाता में रहते हैं और अमेरिकी निवासियों से ठगी में शामिल हैं। गिरफ्तारों में मुख्य आरोपी जावेद खान भी है। यह गिरफ़्तारी व अभियान महानगर कोलकाता के विभिन्न इलाकों में स्थित ठिकानों पर चलाया गया। उक्त अभियान लोगों के कई शिकायतों के आधार पर की गई थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपितों ने कोलकाता के कई स्थानों पर फर्जी कॉल सेंटर स्थापित किए थे, जहां से वे अमेरिकी नागरिकों को कॉल कर खुद को एक अंतरराष्ट्रीय फिनटेक कंपनी का प्रतिनिधि बताते थे। वे लोगों को तकनीकी सहायता या धन हस्तांतरण के झूठे वादों से फंसा लेते थे। लालबाजार मुख्यालय के अनुसार आरोपितों ने कोलकाता के कई स्थानों पर फर्जी कॉल सेंटर स्थापित किए थे, जहां से वे अमेरिकी नागरिकों को कॉल कर खुद को एक अंतरराष्ट्रीय फिनटेक कंपनी का प्रतिनिधि बताते थे। वे लोगों को तकनीकी सहायता या धन हस्तांतरण के झूठे वादों से फंसा लेते थे। पुलिस अधिकारी ने कहा, कई विदेशी नागरिक इस गैंग के झांसे में आ गए। शिकायत मिलने के बाद हमने जांच शुरू की और बुधवार सुबह शहर के विभिन्न स्थानों पर छापे मारे। दो फ्लैटों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें मुख्य आरोपित जावेद खान भी शामिल है।

पुलिस को आरोपितों के ठिकानों से बड़ी मात्रा में सोना, 10 मोबाइल फोन, 8 लैपटॉप, एक राउटर और विभिन्न कंपनियों की 10 घड़ियां भी मिली हैं। इसके अलावा, 10 लाख रुपये से अधिक नकद भी बरामद किया गया है।



## वाह वाह

पति- ना कजरे की धार ना मोतियों के हार ना कोई किया श्रृंगार

फिर भी कितनी सुंदर हो, तुम कितनी सुंदर हो

पत्नी- सीधे-सीधे बोलो न कि ब्यूटी पार्लर के लिए पैसे नहीं दोगे.....

पत्नी- मैं कैसी लग रही हूं?

पति- जान ही लेनी थी, तो मांग लेती पगली

यूं बिना मेकअप के आने की क्या जरुरत थी.....

# अनियंत्रित होकर पलटी तेज रफ्तार बस, महिला यात्री की मौके पर मौत, 4 घायल

जशपुरनगर ,18 सितंबर ( एजेंसी )। रायपुर से अंबिकापुर जाने वाली यात्री बस गुरुवार सुबह जशपुर जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र स्थित टांगरगांव में पटल गई। इस दुर्घटना में एक महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, वहीं बस में सवार 4 अन्य यात्री घायल हो गए।



जानकारी के अनुसार रायपुर से अंबिकापुर जाने वाली राजधानी बस सुबह फरसाबहार से कांसाबेल की ओर आ रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार बस अनियंत्रित हो कर चालक के काबू से बाहर हो कर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में इग्नोसिया मिंज ( 40 वर्ष ) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतिका रायपुर से अंबिकापुर जा रही थी।

घटना की सूचना पर कांसाबेल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस पलटने से सड़क पर जाम लग गया और लोगों की भीड़ जमा हो गई। भिलाई में बुधवार को हुए एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। तेज रफ्तार थार कार ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को रौंद दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज के दौरान गुरुवार को उनकी मौत हो गई। यह घटना पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र की है।

# आज तक माओवादी लगाते थे, अब पुलिस ने लगाए पोस्टर, वांटेड माओवादियों के खिलाफ लोगों से मांगी मदद

पखांजूर/ कांकेर,18 सितंबर ( एजेंसी )। कांकेर जिले में पुलिस ने अंदरूनी गांवों में वांछित माओवादियों के बैनर लगाकर उन पर इनाम घोषित किया है। पुलिस ने बुधवार को परलकोट क्षेत्र के अंदरूनी और माओवादी प्रभावित इलाकों में एक अनोखी पहल शुरू की। पुलिस ने यहां के गांवों और जंगलों में वांछित माओवादियों के पोस्टर और बैनर लगाए हैं, ताकि स्थानीय लोगों की मदद से इन माओवादियों को पकड़ा जा सके। इस कदम को माओवाद के खिलाफ लड़ाई में एक नया मोड़ माना जा रहा है।



इन पोस्टरों में वांछित माओवादियों की तस्वीरें, उनके नाम और उन पर घोषित इनाम की जानकारी दी गई है। साथ ही, पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें इन माओवादियों के बारे में कोई भी जानकारी मिले, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। अक्सर, स्थानीय लोग माओवादियों के बारे में बहुत कुछ जानते हैं, लेकिन डर की वजह से वे पुलिस को नहीं बताते।

इन पोस्टरों से न केवल उन्हें जानकारी मिलेगी, बल्कि उन्हें यह भी एहसास होगा कि उनकी मदद से इन अपराधियों को पकड़ा जा सकता है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य माओवादियों को उनके अपने गढ़ में ही कमजोर करना है। जब स्थानीय आबादी उनके खिलाफ हो जाएगी और उनके बारे में जानकारी देना शुरू कर देगी, तो उनके लिए छिपना और अपनी गतिविधियों को अंजाम देना मुश्किल हो जाएगा।

पुलिस को सफलता की उम्मीद-यह पहला मौका नहीं है जब पुलिस ने इस तरह की रणनीति अपनाई है, लेकिन इस बार इसे और बड़े पैमाने पर और व्यवस्थित तरीके से लागू किया गया है। पुलिस को उम्मीद है कि इस पहल से उन्हें वांछित माओवादियों को पकड़ने में बड़ी सफलता मिलेगी और क्षेत्र में शांति बहाल करने में मदद मिलेगी। यह देखना बाकी है कि यह पहल कितनी प्रभावी साबित होती है, लेकिन यह साफ है कि पुलिस माओवाद के खिलाफ लड़ाई में नए और रचनात्मक तरीके अपना रही है।

# बालको ने आदिशिल्पी श्री विश्वकर्मा की आराधना पर दोहराया सुरक्षा और प्रगति का संकल्प





कोरबा (छ.ग.गौरव)। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न की। रंग-बिरंगे पंडालों, आकर्षक सजावट और गूंजते जयघोष से पूरा संयंत्र परिसर भक्ति और उमंग से सराबोर हो उठा।

सुबह से ही संयंत्र की विभिन्न इकाइयों और कार्यालयों में भगवान विश्वकर्मा की स्थापना की गई, जहाँ कंपनी के सीईओ एवं वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेका कामगारों ने मिलकर पूजा-अर्चना की। सभी ने मिलकर कंपनी की उत्तरोत्तर प्रगति, सुरक्षा और समृद्धि की प्रार्थना की। धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

विश्वकर्मा पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि बालको की कार्यसंस्कृति का प्रतीक है। भगवान विश्वकर्मा को सृजन और नवाचार का देवता माना जाता है, और यही भावना बालको के हर कार्य में दिखाई देती है। उनके आदर्श कंपनी की जीरो हार्म नीति, सुरक्षित कार्यस्थल की संस्कृति तथा सतत प्रगति के दृष्टिकोण को सशक्त बनाते हैं।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की जयंती हमें यह सिखाती है कि हर सृजन तभी सार्थक होता है, जब उसमें सुरक्षा, देखभाल और जिम्मेदारी जुड़ी हो। भगवान विश्वकर्मा के आशीर्वाद से बालको निरंतर नवाचार और प्रगति की ओर बढ़ रहा है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि प्रत्येक कर्मचारी का कार्य और प्रयास ही हमारी सामूहिक सफलता की नींव है। कंपनी औद्योगिक विकास के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हमारे कर्मचारियों की एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

बालको अपनी स्थापना से प्रत्येक वर्ष विश्वकर्मा जयंती मना रहा है। यह आयोजन इस बात का प्रतीक बना कि बालको उद्योग और नवाचार के साथ-साथ परंपरा और मानवीय मूल्यों को भी समान महत्व देता है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सीईओ जिला पंचायत ने दिलाई स्वच्छता शपथ

### स्वच्छता पखवाड़े में 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन




कोरबा (छ.ग.गौरव)। राष्ट्रीय स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज जनपद पंचायत पाली में सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग ने अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर स्वच्छोत्सव 2025 का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारी, ग्रामीण जनों ने संकल्प लिया कि न गंदगी करूंगा-न दूसरों को करने दूंगा। स्वच्छता संदेश का वाचन कर जिला स्तर पर स्वच्छता की भावना को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में उपसंचालक पंचायत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायतों के सचिव, सरपंच तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक शामिल हुए।

सीईओ श्री नाग ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली है। उन्होंने सभी से घर, कार्यालय, सार्वजनिक स्थल और पर्यावरण को साफ रखने का संकल्प दोहराया और लोगों से स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि जिले में स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक मनाया जाएगा, जिसमें स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जनभागीदारी से स्वच्छता को बढ़ावा देना, कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाना है।

## दानवीर भामाशाह सम्मान-2025 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

कोरबा (छ.ग.गौरव)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर को प्रतिवर्ष आयोजित राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति अथवा संस्था को दानवीर भामाशाह सम्मान से अलंकृत किया जाता है। चयनित व्यक्ति संस्था को सम्मान के रूप में 1 लाख रूपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। इच्छुक व्यक्ति या संस्था पुरस्कार के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण विभाग में संपर्क कर 21 सितम्बर तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## गौधाम संचालन हेतु आवेदन 30 सितंबर तक आमंत्रित

कोरबा (छ.ग.गौरव)। कोरबा जिले में गौधाम संचालन हेतु इच्छुक स्वयंसेवी संस्थानों, एनजीओ, गौशालाओं से ''रुचि की अभिव्यक्ति '' 30 सितंबर दोपहर 3 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। गौधाम में निराश्रित, घुमन्तु गौ वंशीय पशुओं तथा जब्त गौवंशीय पशुओं को ही विस्थापित किया जाएगा। गौधाम संचालन हेतु योजना का स्वरुप, स्थापना हेतु भूमि, उद्देश्य, पशु क्षमता, क्रियान्वयन नियंत्रण, अनुसरण, अनुशीलन, गौधाम संचालन हेतु संस्था का चयन, पात्रता, कार्यकाल, दायित्व मानव संसाधन की व्यवस्था, प्रबंधन, योजना का वित्त पोषण एवं शास्ति, गौसेवा आयोग में पंजीयन की प्रक्रिया इत्यादि की जानकारी कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें, कलेक्टोरेट परिसर कोसाबाड़ी, आईटीआई रामपुर से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

## राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहेगा। आज आप किसी भी काम को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे, तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आज ऑफिस में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली से कंपनी को फायदा होगा। आज दांपत्य जीवन सुखद और मधुरता से भरा रहेगा।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप रोजगार में नए अवसर तलाश करेंगे, जो आपकी तरक्की की राह आसान करेंगे। आज आपके परिवार में किसी खास व्यक्ति के आगमन से हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आप बिजनेस में लेन - देन बहुत सोच-विचार कर करेंगे, तो आपके लिए अच्छा रहेगा।

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा, लेकिन आपके खर्चे भी बढेंगे। आज आपको अपने प्रयासों और परिश्रम के उचित परिणाम हासिल होंगे, जिससे आपका आत्मविश्वास मजबूत होगा ।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप व्यापार के अटके मामलों को सुलझाने में सफल रहेंगे। आज आपके व्यावसायिक रिश्ते मजबूत बनेगे, जिनका लाभ आपको जल्द ही मिलेगा। आज ऑफिस में मीटिंग के दौरान आपको किसी नए प्रोजेक्ट के ऊपर काम दिया जा सकता है।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने जा रहें हैं, तो पहले आप गुरु और घर के बड़े सदस्यों का आशीर्वाद अवश्य ले लें। आज व्यवसाय को लेकर की गई मेहनत आपकी तरक्की के द्वार खोलने वाली है और आप अपने सहकर्मियों के साथ मित्रवत व्यवहार रखें आपको लाभ होगा ।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिये उत्तम बना रहेगा। आज आप अपने कारोबार सम्बन्धी नियमों में कुछ बदलाव कर सकते हैं, जो आपको लॉन्ग टर्म बेनिफिट देंगे। आज आप परिवार के सदस्यों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं, जिसमें सबकी सहमती भी होगी। आज आपकी योग्यता और काबिलियत की समाज और रिश्तेदारों के बीच सराहना होगी।

तुला राशिआज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको मेहनत का फल अवश्य मिलेगा, जिससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आज अपने व्यक्तिगत जीवन से जुड़ा फैसला लेने का अनुकूल समय है। आज आप अपनी योग्यता से वो हासिल करेगें जिसके आप हक़दार हैं।

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप अपने व्यवसाय और अपने संपर्क को बढ़ाने पर जोर देंगे यह आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको समस्या का समाधान मिल जाने से मानसिक रूप से बहुत ही सुकून और राहत मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स को आज स्कूल में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा, आप उसमें अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

धनु राशिआज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या को सुव्यवस्तिथि रखकर, काम को आसान बना लेंगे। आज किसी विशेष काम को लेकर किए गए प्रयासों के आज अच्छे परिणाम मिलने वाले हैं। आज आपका मार्केट में अटका हुआ पैसा वापस मिलेगा , जिसका उपयोग आप निजी कार्यो में कर सकते हैं।

मकर राशिआज का दिन आपके लिए मिला जुला रहेगा। आज आप बिजनेस में बड़ी डील फ़ाइनल करने से पहले उस पर अच्छे से विचार कर लें। आज अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आप योग की रूटीन अपनाएंगे, साथ ही नकारात्मक चीज़ों से आपको बचे रहना चाहिए। आज आप किसी समस्या को लेकर जीवनसाथी से बात कर सकतें हैं और उनके सहयोग से समस्या को ख़त्म करने में आप सफल भी होंगे।

कुम्भ राशिआज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपनी योजनाओं को सकुशल आगे बढ़ाएंगे, जिससे बहुत जल्द ही आपको तरक्की मिलेगी। आज इस राशि के अभिनय के क्षेत्र से जुड़े हुए व्यक्ति किसी अनुभवी सदस्य से मिलेंगें , जिससे उनके आगे बढने की राह आसान हो जाएगी। आज आपको आय के अनेक स्त्रोत मिलेंगे, जिससे आप अपने पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने में सफल रहेंगे।

मीन राशिआज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अच्छा लाभ होगा और आपके क्लाइंट के साथ रिश्ते भी मजबूत बनेंगे। आज आप कार्यस्थल पर सभी जिम्मेदारियां खुद की निगरानी में ही पूरी करने की कोशिश करेंगे, जिससे सब सही समय पर कम्पलीट हो जायेगा। आज आपकी शारीरिक समस्या दूर होगी ,आपको बहुत हल्का और अच्छा फील होगा।

# अंगीकार -2025 अभियान: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि देश का कोई भी व्यक्ति आवासहीन न रहें - महापौर

### *प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के एक वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया आवास दिवस*



कोरबा (छ.ग.गौरव)। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने प्रधानमंत्री आवास योजना-यू आवास दिवस के अवसर पर आज कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह संकल्प है कि देश का कोई भी व्यक्ति आवासहीन न रहें, सभी नागरिकों को रहने हेतु पक्के व सुविधायुक्त मकान उपलब्ध हों, इसी के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना भाग-01 एवं 02 का ऐतिहासिक रूप से क्रियान्वयन देश व प्रदेश में किया गया है, जिसके अत्यंत सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं, वर्षो से टूटे-फूटे कच्चे मकानों व झोपड़ियों में रहने वाले हमारे भाई-बहनों को इसी योजना की बदौलत पक्के आवासगृहों की सुविधा प्राप्त हो सकी है।

यहॉं उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना -शहरी 2.0 के साथ अन्य केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अभिसरण हेतु व्यापक जनजागरूकता के उद्देश्य से 04 सितम्बर 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक '' अंगीकार 2025 '' अभियान का संचालन कराया जा रहा है, जिसका प्रमुख उद्देश्य अधिकतम पात्र लाभार्थियों को इनका लाभ प्रदान किया जा सके। शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप ''अंगीकार 2025 '' अभियान के तहत आज 17 सितम्बर 2025 को पी.एम.ए.वाई.-यू 2.0 के एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आवास दिवस का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आयोजन में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने उपस्थित ऐसे हितग्राहियों को जिनके आवासगृह बन चुके हैं, उन आवासगृहों की चाबी प्रदान की, इसके साथ ही जिन हितग्राहियों के आवासगृह पूर्णता की ओर है, उन्हें अंतिम किस्त राशि के चेक भी प्रदान किए गए। इसी प्रकार बी.एल.सी.घटक के नये हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किए गए, वहीं ए.एच.पी.घटक अंतर्गत जिन हितग्राहियों को आवासगृहों का आबंटन किया जाना हैं, उन्हें आवास आबंटन सूचना पत्र भी उनके द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज जन्मदिवस भी है, मैं जन्मदिवस की बधाई व शुभकामनाएं देती हूॅं, उन्होने कहा कि नरेन्द्र मोदी एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो समाज के सभी वर्ग के हितों की लगातार चिंता करते हैं, उनके द्वारा समाज के सभी वर्गो के लिए दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कराई गई हैं, इन योजनाओं से देश के करोड़ों लोग लगातार लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती राजपूत ने उपस्थित हितग्राहियों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारी कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ भी ग्रहण कराई।

योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना हमारा प्रथम कर्तव्य- इस अवसर पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना एवं धरातलीय स्तर पर इन योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करना, हम सबका प्रथम कर्तव्य है तथा सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है। उन्होने कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा कि '' अंगीकार 2025 '' के अंतर्गत अभियान का मुख्य उद्देश्य योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाना, नये हितग्राहियो के आवेदनों को तीव्रता से सत्यापित कराना, पूर्व स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण कराना, पी.एम.सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ पी.एम.ए.वाई. के लाभार्थियों तक पहुंचाना आदि के साथ-साथ हितग्राहियों को अन्य सेवाएं व सुविधाएं प्रदान करना हैं, जिसके लिए प्रशासन पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य कर रहा है। उन्होने हितग्राहियों से आग्रह करते हुए कहा कि वे भी योजना का प्रचार प्रसार करें, अपने पड़ोसियों, परिचितों को योजना का लाभ लेने के लिए आगे आने में अपनी भूमिका निभाएं।

आयोजन के दौरान निगम के मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय गोंड़, सरोज शांडिल्य, अजय कुमार चन्द्रा, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता विवेक रिछारिया, धवल शर्मा, अमन शर्मा, हर्ष छत्रवाणी, अंकुश पाटकर, विकास श्रीवास्तव, पी.एम.सी. टीम के सदस्य एवं पी.एम.ए.वाई.के हितग्राहीगण उपस्थित थे।

# द्वितीय किश्त प्राप्त आवासों को 20 अक्टूबर तक करें पूर्ण-सीईओ नाग

### आवास निर्माण कार्यों में प्रगति लाने जनपद पाली व पोड़ी उपरोड़ा में ली समीक्षा बैठक, बैठक में अनुपस्थित तीन सचिवों को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस

कोरबा (छ.ग.गौरव)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों में गति लाने हेतु सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने बुधवार को जनपद पंचायत पाली एवं पोड़ी उपरोड़ा में विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए श्री नाग ने कहा कि द्वितीय किश्त प्राप्त कर चुके सभी हितग्राहियों के आवास हर हाल में 20 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण किए जाएँ।

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, वंचित और पिछड़े वर्गों को पक्के आवास उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण योजना है,इसलिए सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देकर कार्य करना होगा। आवास निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा की समीक्षा बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए तीन सचिवों -ग्राम पंचायत लाद के भरतभूषण, ग्राम पंचायत खम्हारमुड़ा के कैलाश कंवर एवं ग्राम पंचायत बरतराई के चंद्रिका प्रसाद को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। बैठक में सीईओ जनपद पंचायत पाली एवं पोड़ी उपरोड़ा, सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत, जिला समन्वयक आवास, सहायक अभियंता, नोडल अधिकारी, सचिव, रोजगार सहायक तथा आवास मित्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन के लिए अयोध्याधाम रवाना

### महापौर राजपूत ने आयुक्त पाण्डेय व पार्षदों की उपस्थिति में हरी झण्डी दिखाकर बस को किया रवाना



कोरबा (छ.ग.गौरव)। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व पार्षदगणों की उपस्थिति में आज श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत 35 तीर्थयात्रियों के दल को पवित्र अयोध्याधाम के लिए निगम कार्यालय साकेत भवन से रवाना किया। उन्होने तीर्थयात्री बस को हरी झण्डी दिखाई एवं तीर्थयात्रियों को तिलक लगाकर व पुष्पमाला पहनाकर उन्हें अपनी शुभकामना व बधाईयॉं दी।

छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदेश के नागरिकों को पवित्र अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्रीरामलला जी के दर्शन प्रतिमाह कराए जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह भी कोरबा से 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ, यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उस्लापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहॉं से विशेष ट्रेन द्वारा तीर्थयात्री अयोध्याधाम पहुंचकर श्रीरामलला जी के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आज प्रातः 08 बजे महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने हरी झण्डी दिखाकर दल को रवाना किया, इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु जा रहे श्रद्धालुजनों को यात्रा पर रवाना करने का पवित्र अवसर आज पुनः प्राप्त हुआ है, उन्होने कामना करते हुए कहा कि ईश्वर उनकी यात्रा को मंगलमय करें तथा श्रद्धालुजन रामलला के चरणों का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें। इस अवसर पर तीर्थयात्रियों ने श्रीरामलला दर्शन योजना की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए राज्य सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एम.आई.सी.सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय गोंड़, सरोज शांडिल्य, ममता यादव, पार्षद चन्द्रलोक सिंह, लक्ष्मण श्रीवास, रामकुमार साहू, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त पवन वर्मा, श्रीरामलला दर्शन समिति के सदस्य प्रकाश अग्रवाल, पूर्व पार्षद दीपक यादव, आरिफ खान, हेमंत गभेल, अरविंद सिंह, संजय कुमार भास्कर, विकास टंडन, संतोष यादव, दानेश्वर वैष्णव आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

## निगम की कर्मशाला व डब्ल्यू.टी.प्लांट में भगवान विश्वकर्मा की हुई पूजा अर्चना

### महापौर, आयुक्त सहित निगम के पार्षदगणों व अधिकारी कर्मचारियों ने देवशिल्पी की पूजा अर्चना की

कोरबा (छ.ग.गौरव)। भगवान विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर आज नगर पालिक निगम कोरबा की कर्मशाला एवं कोहड़िया स्थित जलउपचार संयंत्र में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के साथ ही निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगणों, पार्षदों व निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने देवशिल्पी की पूजा अर्चना की तथा भगवान विश्वकर्मा से नगर के विकास, अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, ममता यादव, अजय गोंड़, फिरतराम साहू, सरोज शांडिल्य, अजय कुमार चन्द्रा, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, कार्यपालन अभियंता तपन तिवारी, राकेश मसीह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, लेखाधिकारी भवकांत नायक, सहायक अभियंता लीलाधर पटेल, विपिन मिश्रा, अभय मिंज, रमेश सूर्यवंशी, उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर, अरूण मिश्रा, आनंद दुबे, दीनदयाल साहू, उत्तम कुर्रे, अजय भगत, महावीर राठौर, बिहारी रजक, द्वासराम साहू, मदनमोहन, मनोज श्रीवास, सुदर्शन साहू, रवि खुंटे, राजकुमार, गौरीशंकर साहू, शैलेन्द्र गिरी, सनत राठौर, शैलेन्द्र सिंह, विनय चौबे आदि ने भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सीपी राधाकृष्णन को भारत के उपराष्ट्रपति पद की शपथ दिलाती हुईं।



मुंबई में बम की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट के बाहर लोग इकट्ठा हुए।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का गुजरात के केशोद हवाई अड्डे पर आगमन पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।



उपाध्यक्ष सी.पी. राधाकृष्णन ने सदैव अटल में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की।



गुजरात के अहमदाबाद में हाल ही में आई बाढ़ के कारण साबरमती नदी पर अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना का क्षतिग्रस्त ढांचा, जिससे काम रुक गया है।



नेपाल के काठमांडू में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में मारे गए लोगों के परिवार के सदस्य नेपाल सेना मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान तस्वीरें लिए हुए हैं।

# नेपाल में संविधान में बदलाव की उठी मांग, लोग बोले– भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए संशोधन करें प्रधानमंत्री

काठमांडू ,18 सितंबर( एजेंसी )। लोगों की उम्मीद- सुशीला कार्की के नेतृत्व में नए युग की हो शुरुआतकाठमांडू के निवासी सुमन सिवाकोटी ने बताया कि मैं उम्मीद कर रहा हूं कि वे ( सुशीला कार्की ) नेपाल में नए युग की शुरुआत करेंगी। देश को बचाने की जरूरत है और साथ ही उनके नेतृत्व में विकास को गति देने की भी जरूरत है। एक अन्य व्यक्ति राम कुमार सिमखड़ा ने कहा कि अंतरिम सरकार को सुशासन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई सरकार को देश में हर गलत चीज को खत्म करने, देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने की जरूरत है। कैबिनेट मंत्रियों को, जो वकील, जज, शिक्षक, डॉक्टर आदि हों, जो अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हों, वे प्रशासन में बेहतरी लाएं। एक अन्य काठमांडू निवासी लीला



लुइटेल ने कहा कि पूर्व मुख्य न्यायाधीश से संविधान में बदलाव की मांग की ताकि भ्रष्टाचार को समाप्त किया जा सके। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने सुशीला कार्की को दिलाई पीएम पद की शपथ शुक्रवार को शपथ लेते ही सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला अंतरिम प्रधानमंत्री बन गईं। उन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में शपथ दिलाई। सुशीला कार्की के शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति रामसहाय यादव, काठमांडू के मेयर बालेन शाह, मुख्य न्यायाधीश प्रकाश सिंह रावत उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने यह नियुक्ति संविधान की धारा 61 का हवाला देते हुए की। धारा 61 ( 4 ) के अनुसार राष्ट्रपति का मुख्य कर्तव्य संविधान का पालन और संरक्षण करना तथा राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करना है।

## जेन-जी के विरोध प्रदर्शन से नेपाल सुप्रीम कोर्ट का बड़ा नुकसान, चीफ जस्टिस बोले- अहम दस्तावेज हुए नष्ट



काठमांडो ,18 सितंबर ( एजेंसी )। नेपाल में जेन-जी आंदोलन के दौरान सुप्रीम कोर्ट में भी आगजनी हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के चलते देश के न्यायिक इतिहास का हिस्सा बनने वाले महत्वपूर्ण दस्तावेज नष्ट हो गए। हालांकि कोर्ट ने जल्द से जल्द कामकाज फिर से शुरू करने का वादा किया।नेपाल में जेन-जी के विरोध प्रदर्शन और हिंसा से सरकारी और सार्वजनिक इमारतों को बड़ी क्षति पहुंची है। इस विरोध प्रदर्शन से नेपाल के सुप्रीम कोर्ट को भी बड़ा नुकसान हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के चलते देश के न्यायिक इतिहास का हिस्सा बनने वाले महत्वपूर्ण दस्तावेज नष्ट हो गए। हालांकि कोर्ट ने जल्द से जल्द कामकाज फिर से शुरू करने का वादा किया।सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रकाशमान सिंह राउत ने कहा कि हम सभी परिस्थितियों में न्याय के मार्ग पर अडिग और दृढ़ हैं। हम नागरिकों की न्याय की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए जल्द से जल्द अदालती कामकाज फिर से शुरू करने का संकल्प लेते हैं।मुख्य न्यायाधीश ने देश भर में फैले जेन-जी आंदोलन के दौरान आगजनी, पथराव, तोड़फोड़ और लूटपाट के कारण अदालत भवनों को हुए नुकसान पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि नेपाल के न्यायिक इतिहास से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज हिंसा में लगभग नष्ट हो गए। राउत ने हिंसा में नेपाली नागरिकों की मौत पर भी शोक व्यक्त किया। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।नेपाल की राजधानी काठमांडो बीते हफ्ते अचानक जल उठी। सोमवार सुबह 9 बजे सरकार ने फेसबुक, एक्स, यूट्यूब, व्हाट्सएप समेत 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक को बंद करने का आदेश दिया। इसके बाद यूनिवर्सिटी कैंपस से प्रदर्शन शुरू हो गया। युवाओं ने वीपीएन यानी वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिये लाइवस्ट्रीम चलाए और मीम्स-वीडियो के जरिये गुस्से को हवा दी। शाम तक 10 जिले कर्फ्यू में थे और रात होते-होते पुलिस-भीड़ की हिंसक झड़पों में 19 लोग मारे जा चुके थे। अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ा और मंगलवार शाम 4 बजे प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा।

नेपाल पुलिस द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार विरोध प्रदर्शनों में एक भारतीय नागरिक सहित कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई है

## पाकिस्तान की फिर बेइज्जती, यूएनएससी में इजरायल ने लताड़ा, ओसामा बिन लादेन की दिलाई याद

इस्लामाबाद ,18सितंबर । संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ( यूएनएससी ) में पाकिस्तान ने दोहा अटैक को लेकर इजरायल को घेरने की कोशिश की, लेकिन दांव उल्टा पड़ गया! जवाब में इजरायल के राजदूत ने पाकिस्तान को ओसामा बिन लादेन की याद दिला दी।

गुरुवार को यह तीखी बहस यूएनएससी की एक आपातकालीन बैठक में हुई, जिसका एजेंडा 'मध्य पूर्व की स्थिति' पर चर्चा था। इस बैठक का अनुरोध अल्जीरिया, पाकिस्तान और सोमालिया ने किया था और इसे फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम का समर्थन प्राप्त है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने अपने संबोधन की शुरुआत इजरायली हमले की कड़ी निंदा से की। हमले को गैर गैरकानूनी और कतर की संप्रभुता के खिलाफ बताया। कहा, यह गैरकानूनी हमला कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि इजरायल की आक्रामकता और अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन का हिस्सा है जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को कमजोर करता है।वहीं, पाकिस्तान के निंदा प्रस्ताव का इजरायल ने सधा हुआ जवाब दिया। संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के स्थायी प्रतिनिधि डैनी डैनॉन ने शुरुआत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करते हुए पाकिस्तान में ओसामा बिन लादेन के खात्मे वाले अमेरिकी अभियान का हवाला दिया। उन्होंने कहा, जब पाकिस्तान में बिन लादेन का सफाया हुआ था, तो सवाल यह नहीं पूछा गया था कि विदेशी धरती पर एक आतंकवादी को क्यों निशाना बनाया गया। सवाल यह था कि एक आतंकवादी को पनाह क्यों दी गई? आज भी यही सवाल पूछा जाना चाहिए। बिन लादेन को कोई छूट नहीं है और हमास को भी कोई छूट नहीं मिल सकती।इस पर, पाकिस्तान ने तुरंत अपने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल किया और राजदूत अहमद ने इस तुलना को अस्वीकार्य, वास्तव में हास्यास्पद बताते हुए खारिज किया। पाकिस्तान की प्रतिक्रिया के बाद, इजरायली राजदूत सदन में वापस आए और पाकिस्तान समेत अन्य सहयोगी देशों पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हो सकता है

## चार्ली किर्क हत्याकांड : कॉलेज की छत से कूदकर भागता दिखा हमलावर, एफबीआई ने रखा 1 लाख डॉलर का इनाम

न्यूयॉर्क ,18 सितंबर । संघीय जांच ब्यूरो ( एफबीआई ) ने चार्ली किर्क हत्या मामले में एक नया वीडियो जारी किया है, जिसमें रूढ़िवादी कार्यकर्ता को गोली लगने के कुछ ही देर बाद एक संदिग्ध घटनास्थल से भागता हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो में संदिग्ध को गोलीबारी के बाद छत पर भागते, किनारे से नीचे उतरते और फिर यूटा वैली विश्वविद्यालय परिसर के एक जंगली क्षेत्र में प्रवेश करते हुए देखा जा सकता है।एफबीआई ने एक बयान में कहा कि 10 सितंबर को माउंटेन टाइम के अनुसार दोपहर लगभग 12 बजे, वह व्यक्ति एक छत पर चढ़ गया। चार्ली किर्क को गोली मारने के बाद, वह नीचे से कूदकर भाग गया। उसने विश्वविद्यालय के पास एक जंगली इलाके में बंदूक और गोला-बारूद छोड़ दिया।बयान में आगे कहा गया कि छत पर हुई घटना से एकत्र किए गए साक्ष्यों में जूते के निशान, बांह के निशान और हथेली के निशान शामिल हैं। इस मामले से जुड़ी कोई भी जानकारी होने पर लोग एफबीआई को कॉल कर सकते हैं या वेबसाइट पर जाकर जानकारी दे सकते हैं। वीडियो में संदिग्ध काले रंग की फुल शर्ट, टोपी, चश्मा और बैग पहने हुए दिखाई दे रहा है।संदिग्ध के बारे में अधिक सुराग पाने के लिए अपराध स्थल की डीएनए जांच की गई। यूटा के गवर्नर ने शुक्रवार को एक ब्रीफिंग में कहा कि इंटरनेट पर गलत और झूठी खबरें फैल रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसी बातें आगे न फैलाएं। उन्होंने कहा कि चार्ली ने ठीक कहा कि जब हालात खराब हों, तो हमें फोन नीचे रखकर अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहिए। हमारे दुश्मन चाहते हैं कि हिंसा हो।इस मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस के पास एक संदिग्ध व्यक्ति का नाम है। हत्यारे को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस को अब तक 200 से ज्यादा सूचनाएं और सुराग मिले हैं और कई पहलुओं पर जांच चल रही है।एफबीआई ने संदिग्ध की गिरफ्तारी में सहायक सूचना देने पर 1 लाख डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है।31 वर्षीय किर्क बुधवार को यूटा वैली यूनिवर्सिटी में एक कैंपस कार्यक्रम में भाषण दे रहे थे, तभी अचानक गोली चली। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई। किर्क देश के सबसे प्रमुख रूढ़िवादी छात्र संगठन टर्निंग पॉइंट यूएसए ( टीपीयूएसए ) के संस्थापक थे।उन्होंने 2012 में 18 साल की उम्र में एरिजोना स्थित इस समूह की शुरुआत की और इसे अमेरिकी कॉलेजों में 800 से ज्यादा शाखाओं के साथ एक राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित किया। टीपीयूएसए युवा रूढ़िवादी मतदाताओं को संगठित करने में एक केंद्रीय शक्ति बन गया, खासकर 2024 के चुनाव में, जहां इसने ट्रंप के पुनर्निर्वाचन अभियान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## टैरिफ को लेकर भारत की चुप्पी को पूर्व अमेरिकी एनएसए ने सराहा, कहा- यह ट्रंप से निपटने का सबसे अच्छा तरीका

वॉशिंगट,18 सितंबर ( एजेंसी )। नअमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ पर भारत का ज्यादातर चुप रहना और गुप्त कूटनीति पर निर्भर रहना ठीक है। मुझे लगता है कि ट्रंप जैसे व्यक्ति से निपटने का यही सबसे अच्छा तरीका है।



अमेरिका की ओर से लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ पर भारत की चुप्पी की पूर्व अमेरिकी एनएसए ने सराहना की है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ पर भारत का ज्यादातर चुप रहना और गुप्त कूटनीति पर निर्भर रहना ठीक है। मुझे लगता है कि ट्रंप जैसे व्यक्ति से निपटने का यही सबसे अच्छा तरीका है। अगर आप उनके बहकावे में आकर उनके साथ सार्वजनिक रूप से बहस में पड़ जाते हैं, तो इससे चीजें आसान नहीं होंगी। पूर्व अमेरिकी एनएसए ने कहा कि अमेरिका में इस बात को लेकर काफी चिंता थी कि दो टैरिफ मुद्दों के साथ-साथ ट्रंप द्वारा कश्मीर में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में शांति लाने का श्रेय लेना अनुचित था। मुझे लगता है कि भारत का दीर्घकालिक हित रूस के साथ सैन्य और आर्थिक संबंधों को कम करने में है, क्योंकि रूस तेजी से चीन के साथ एक धुरी बन रहा है। पुतिन और शी जिनपिंग ने असीमित साझेदारी की बात की है। जब प्रधानमंत्री मोदी बीजिंग जाते हैं और पुतिन, शी जिनपिंग और किम जोंग उन से हाथ मिलाते हैं, तो यह अमेरिका के लिए एक संकेत होता है। सभी ने वे तस्वीरें देखीं, लेकिन यह भारत के लिए कोई दीर्घकालिक रणनीति नहीं है।भारत-अमेरिका संबंधों पर उन्होंने कहा कि रिश्ते अब भी वैसे ही हैं। भारत सरकार को ट्रंप को एक बार के प्रस्ताव के रूप में देखना चाहिए और उससे निपटना चाहिए। जो भी कदम उन्हें भारत के राष्ट्रीय हित में लगें, उन्हें उठाना चाहिए, लेकिन इसे ट्रंप की खासियत समझना चाहिए। किसी व्यापक अमेरिकी दृष्टिकोण को नहीं दर्शाना चाहिए। ट्रंप के पास कोई समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति नहीं है। वह बहुत ही लेन-देन वाले हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भारत और अमेरिका के बीच तनाव का एक बड़ा कारण ट्रंप की बेहद अनिश्चित शैली है। हालांकि भारत की ओर से कई चिंताएं हैं, लेकिन सबसे बड़ी चिंता पिछले कई वर्षों से भारतीय कंपनियों द्वारा रूसी तेल और गैस की खरीद पर लगाया गया 25% टैरिफ है। यह दर्शाता है कि ट्रंप कितने अनिश्चित हो सकते हैं क्योंकि उन्होंने प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए रूस पर प्रतिबंध या टैरिफ नहीं लगाया है, न ही उन्होंने प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए चीन पर प्रतिबंध या टैरिफ लगाया है। जबकि चीन भारत से कहीं बड़ा खरीदार है और कई अन्य खरीदार हैं। इसमें तुर्किये, पाकिस्तान और अन्य शामिल हैं।

भारत के राजदूत बनने के योग्य नहीं सर्जियो गोर- बोल्टन

भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में नामित सर्जियो गोर के बारे में जॉन बोल्टन ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि वह भारत में अमेरिकी राजदूत बनने के योग्य हैं। मुझे लगता है कि जब हम रूसी तेल खरीद पर गौर करते हैं तो भारत और कई अन्य देशों ने प्रतिबंधों में विसंगति का फायदा उठाया। इसका उद्देश्य यूक्रेन में युद्ध के लिए धन जुटाने हेतु रूसी राजस्व को कम करना था, लेकिन वैश्विक बाजारों में रूस द्वारा तेल की बिक्री को इस तरह कम नहीं करना था। जिससे यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका के उपभोक्ताओं के लिए कीमतें बढ़ जाएं। इससे स्पष्ट रूप से एक मूल्य सीमा बनती है, जिससे स्पष्ट रूप से रूसियों से निर्धारित मूल्य से कम पर तेल खरीदने और फिर उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाजार मूल्य पर बेचने की संभावना पैदा होती है।

इसलिए मुझे लगता है कि कई लोग तर्क देंगे कि प्रतिबंधों का कोई तकनीकी उल्लंघन भी नहीं हुआ। मूल उद्देश्य यह होना चाहिए कि हम रूसी युद्ध मशीन को ईंधन नहीं देना चाहते। यह दर्शाता है कि ट्रंप कितने अनिश्चित हो सकते हैं क्योंकि उन्होंने प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए रूस पर प्रतिबंध या टैरिफ नहीं लगाया है, न ही उन्होंने प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए चीन पर प्रतिबंध या टैरिफ लगाया है।

## नोबेल शांति पुरस्कार के लिए आतुर हैं ट्रंप, कमेटी ने दिया सख्त संदेश- 'हम दबाव में फैसले नहीं लेते

वाशिंगटन ,18 सितंबर ।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भले ही खुद को 7 युद्ध रुकवाने का श्रेय देकर नोबेल शांति पुरस्कार का प्रबल हकदार बता रहे हों, लेकिन नॉर्वे की नोबेल कमेटी पर उनके इन दावों का कोई असर नहीं पड़ता दिख रहा है। कमेटी ने दोटूक शब्दों में कहा है कि वह किसी भी बाहरी दबाव में आए बिना पूरी स्वायत्तता और स्वतंत्रता के साथ अपने फैसले लेती है।

इस साल जनवरी में अमेरिका की सत्ता में वापसी करने वाले डोनाल्ड ट्रंप कई सार्वजनिक मंचों पर यह कह चुके हैं कि उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। वह अक्सर पूर्व राष्टपति बराक ओबामा का जिक्र करते हुए कहते हैं कि उन्हें ( ओबामा को ) यह सम्मान बहुत जल्दी मिल गया था। ट्रंप का दावा है कि उन्होंने 6 से 7 युद्ध रुकवाए हैं और वह रूस-यूक्रेन के साथ-साथ इजरायल-हमास के बीच चल रहे संघर्ष को भी समाप्त करने की क्षमता रखते हैं। ट्रंप की इन बयानबाजियों पर नोबेल कमेटी ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है।

## दोबारा ऐसा ना हो, नेतन्याहू को फोन कर डोनाल्ड ट्रंप ने दी चेतावनी, कतर पर हमले से बिगड़े हालात

दोहा ,18 सितंबर । इज़रायली सेना ने कतर की राजधानी दोहा में हमास के ठिकानों पर हमला किया है। यह वही दोहा है जहां वर्षों से इज़रायल और हमास के बीच मध्यस्थता की बातचीत होती रही है। शांति वार्ता के मंच बने देश में सीधे हमले से पूरे मध्यपूर्व ( मिडल ईस्ट ) में हालात और बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। इसके जवाब में कतर ने रविवार और सोमवार को इस्लामिक और अरब देशों की आपातकालीन समिट बुलाने की घोषणा की है। वहीं, अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर नाराजगी जताई।

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा, यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। मैं कह रहा हूं, आप ऐसी हरकत दोबारा नहीं करेंगे। सूत्रों के अनुसार, दोहा हमले ने ट्रंप प्रशासन के सलाहकारों को भी चौंका दिया। ट्रंप ने नेतन्याहू और उनके अधिकारियों से पूछा कि आप ऐसा कैसे कर सकते हैं?बता दें कि ट्रंप और मुस्लिम देशों की नाराजगी के बावजूद नेतन्याहू पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने दोहराया कि कतर समेत जो देश आतंकियों को पनाह देंगे, उन पर हम हमले करते रहेंगे। उन्होंने कतर को चुनौती देते हुए कहा कि या तो वह आतंकियों को देश से बाहर निकाले या फिर नए हमलों के लिए तैयार रहे। इज़रायली सेना ने लेबनान की बेका घाटी में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमले किए हैं। सेना का दावा है कि वहां हथियारों का बड़ा जखीरा रखा गया था। इन हमलों के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। इसी बीच, सीरिया ने भी अपने देश में हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाया है। यह कदम अहम माना जा रहा है क्योंकि मौजूदा राष्टपति अहमद अल शारा हिजबुल्ला विरोधी माने जाते हैं, जबकि पूर्व राष्टपति बशर अल असद को संगठन का समर्थक समझा जाता था।रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा, यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। मैं कह रहा हूं, आप ऐसी हरकत दोबारा नहीं करेंगे। सूत्रों के अनुसार, दोहा हमले ने ट्रंप प्रशासन के सलाहकारों को भी चौंका दिया। ट्रंप ने नेतन्याहू और उनके अधिकारियों से पूछा कि आप ऐसा कैसे कर सकते हैं?

## सम्पादकीय...

# बठिंडा बम ब्लास्ट मामला

बठिंडा के गांव जीदा में एक घर में पांच दिनों में हुए पांच बम धमाकों के बाद मिली विस्फोटक सामग्री को नष्ट करने में परेशानी आ रही है, यह बात सुरक्षा एजेंसियां कह रही हैं। मामले में जांच के लिए एनआईए की टीम भी बठिंडा पहुंच गई है। पुलिस ने सेना को भी बम की जांच के लिए पत्र लिखा है। पहले से ही इस मामले में बठिंडा पुलिस के अलावा, बम विरोधी दस्ता बठिंडा, पीएपी जालंधर, सीआइए, आईबी, कांउटर इंटेलिजेंस मामले की जांच में जुटी हुई हैं। अभी सभी एजेंसियों के हाथ खाली हैं जबकि बम निरोधक दस्ते आरोपित के घर में मौजूद केमिकलों को नष्ट करने में लगे हुए हैं। अभी तक घर में मौजूद केमिकल को नष्ट नहीं किया जा सका है। केमिकल को नष्ट करते समय हुए धमाकों के कारण केमिकल को नष्ट करने वाला रोबोट भी डैमेज हो गया है। बता दें बठिंडा के गांव जीदा में दस सितंबर को उस समय धमाका हुआ था जब आरोपित गुरप्रीत सिंह ऑनलाइन मंगवाए केमिकल से बम बना रहा था। परिवार द्वारा इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई बल्कि घायल गुरप्रीत को अस्पताल में दाखिल करवा दिया था। वहीं दूसरा धमाका तब हुआ जब आरोपित गुरप्रीत का पिता केमिकलों को कमरे से हटाने के लिए घर गया था। केमिकलों को हटाते समय हुए धमाके में आरोपित गुरप्रीत का पिता जगतार सिंह भी घायल हो गया था। घायल गुरप्रीत के उपचार के दौरान अस्पताल ने पुलिस को सूचित किया था कि उनके पास एक जले हुए व्यक्ति का केस आया है। इसके बाद जांच शुरु की थी। पांच दिन में घर में पांच धमाके हो चुके हैं। इनमें जगतार सिंह और उसका बेटा गुरप्रीत सिंह घायल हो चुके हैं। गुरप्रीत ही बम बना रहा था उसका हाथ काटना पड़ा है। मामले की गंभीरता को देख पुलिस ने आसपास के चार घर खाली करवा लिए हैं। गुरप्रीत के तार मोस्ट वांटेड पाकिस्तानी आतंकी मसूद अजहर से जुड़ने के कारण पंजाब पुलिस व सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। एनआइए भी जांच करने की तैयारी में है। गुरप्रीत ने पूछताछ में बताया कि उसने 12वीं कामर्स विषय में की है, पर रुचि केमिस्ट्री में ज्यादा थी। वह घर में केमिस्ट्री लैब बनाना चाहता था। यूट्यूब पर वीडियो देखते हुए आतंकी मसूद अजहर के वीडियो मिले। वह उसके वीडियो देखने लगा। अब वह जिहादी बन बलिदान देना चाहता था, ताकि उसे जन्नत में हूरें मिल सकें। गुरप्रीत ने बताया कि उसे हर रोज सौ रुपये पाकेट मनी दी जाती थी। इस पाकेट मनी को जोड़कर और विदेश में रहती चचेरी बहन से कुछ पैसे मंगवाकर उसने केमिकल आर्डर किया। बम बनाते समय अपना एक हाथ गंवा चुके गुरप्रीत सिंह का कहना है कि वह मुसलमानों के लिए बलिदान देना चाहता था। पुलिस जांच में यह साफ हो गया है कि गुरप्रीत का आतंकी मौलाना मसूद के वीडियोज देखने के बाद पूरी तरह से ब्रेन वाश हो चुका था। वह हर बात आतंकी मसूद की तरह कर रहा था। इतनी घातक सामग्री क्यों मंगवाई तो उसका कहना था कि जन्नत में हूरें मिलेंगी। एक सिख परिवार से संबंधित युवक से ऐसी बातें सुनकर पुलिस अधिकारी भी अचंभित हैं। बताते हैं कि गुरप्रीत हर रोज सुबह जपुजी साहिब का पाठ भी करता है। हालांकि उसने अपनी एक आईडी मुस्लिम नाम से भी बनाई हुई थी। एक अधिकारी ने बताया कि गुरप्रीत ने आतंकी मसूद अजहर के कई ऐसे वीडियो देखे थे जिनमें वह यह दिखाने का प्रयास करता था कि कश्मीर में मुसलमानों के साथ बहुत बुरा हो रहा है। इन वीडियो से ही प्रभावित गुरप्रीत कहता है कि वह उनके लिए बलिदान देना चाहता है। ऐसा करने से जन्नत में हूरें नसीब होंगी और दूध की नदियां मिलेंगी। उपरोक्त घटना गंभीर चिंता का विषय है। घर में रहकर सोशल मीडिया के माध्यम से आतंकी संगठनों के प्रचार से प्रभावित होकर उनके लिए बलिदान देने के लिए तैयार हो जाना गुरप्रीत के मां-बाप सहित सभी अभिभावकों के लिए चिंता का विषय है। बच्चों की संगत पर नजर रखने के साथ-साथ घर में उसकी हरकतों पर ध्यान देने की भी आवश्यकता है। जपुजी साहिब का रोज पाठ करने वाला बच्चा हूरों के चक्कर में कहां से कहां पहुंच गया। यह बदलाव कोई अचानक नहीं आया बल्कि आतंकी संगठनों के प्रभाव से धीरे-धीरे आया होगा, लेकिन परिवार देखने में असफल रहा। पंजाब के एक युवा के दिमाग में आए विषैले परिवर्तन को समाज व सरकार को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है क्योंकि नकारात्मक परिवर्तन परिवार व समाज दोनों के वर्तमान और भविष्य को धूमिल कर सकता है।

# राजनीति में परिवारवाद हमेशा रहा है और रहेगा,यह एक कड़वी सच्चाई है

**अजय दीक्षित**

राजनीति में परिवारवाद हमेशा से जटिल विषय रहा है। जवाहरलाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी,राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, तमिलनाडु में करुणानिधि के पुत्र एम के स्टालिन, कर्नाटक में यदुरप्पा के पुत्र भाजपा अध्यक्ष हैं, डॉ चिन्ना रेड्डी के रेवंत रेड्डी, जगन मोहन रेड्डी, मोरोशिली मारन के दयानिधि मारन, कनिमोझी, चंद्रशेखर राव की कविता राव, एन टी रामाराव के चंद्रबाबू नायडू, एस पुरुंदरई, पश्चिमी बंगाल में ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, ओडिशा में बीजू पटनायक के नवीन पटनायक, शिबू सोरेन के पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, लालू प्रसाद यादव के तेजस्वी यादव, मीसा भारती, हिमाचल प्रदेश में प्रेम कुमार धूमल के अनुराग ठाकुर , दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे साहिब सिंह वर्मा ने अपने पुत्र प्रवेश वर्मा , राजस्थान में राजेश पायलट,के पुत्र सचिन पायलट, वसुंधरा राजे के पुत्रदुष्यंत सिंह सांसद, राजमाता विजयराजे सिंधिया के ज्योतिरादित्य सिंधिया ,स्व माधवराव सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह,भेरूलाल पाटीदार की कविता पाटीदार, नागर सिंह चौहान के पत्नी मप्र में अनीता चौहान सांसद हैं, महाराष्ट्र में बालासाहब ठाकरे के पुत्र उद्धव ठाकरे,राज ठाकरे, सहित अन्य सभी नेताओं के पुत्र पुत्रियां,दामाद,अब नाती पंती ऐसे नाम हैं जो परिवार बाद के प्रतीक हैं। जिसमें चंद्रबाबू नायडू, तेजस्वी यादव, उद्धव ठाकरे, राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव,नवीन पटनायक, अभिषेक बनर्जी, हेमंत सोरेन, स्टालिन, सुखविंदर सिंह बादल, दुष्यंत चौटाला, उमर अब्दुला,सुप्रिया सुले, अजीत पंवार, डी कुमारस्वामी , गौरव गोगोई,तो बकायदा प्रजा तंत्र में पार्टियों के मालिक है। मायावती ने अपने भतीजे आनंद को पार्टी का अगला मुखिया बना दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस परिवार बाद के बहुत खिलाफ हैं और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में इस परिवारवाद के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है।उनकी ही ताकत है कि बसुधरा राजे के पुत्र सांसद होकर केंद्रीय मंत्री नहीं हैं। अनुराग ठाकुर

, पंकज सिंह, मंत्री नहीं बने हैं।

मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,असम के मुख्यमंत्री हेमंत शर्मा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, साधारण परिवारों से है ।

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अगर परिवार बाद का जीता जगता उदाहरण है तो वह नेहरू,गांधी परिवार, स्व मुलायम सिंह यादव का परिवार पीछे नहीं है। नेहरू गांधी परिवार में से तीन प्रधानमंत्री, अनगिनत केंदीय मंत्री, सांसद,रहे हैं।

जय प्रकाश नारायण, चंद्रशेखर, वी पी सिंह, कर्पूरी ठाकुर, के कामराज, सरदार पटेल, निजलिगप्पा, एस नंबूदरीपाद, जयललिता, गोविंद बल्लभ पंत, मदनलाल खुराना, अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी,दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह,

शांताकुमार, कुशाभाऊ ठाकरे, सुंदर सिंह भंडारी, प्रताप सिंह काइरो, बेनीप्रसाद वर्मा, जनेश्वर मिश्र, आदि ऐसे राजनीतिक नेता रहे जिन्होंने अपने परिवार को राजनीत से बाहर रखा है। लेकिन ललित नारायण मिश्र,ने जगन्नाथ मिश्र, हेमबतिनंदन बहुगुणा ने अपनी पुत्री रीता बहुगुणा जोशी, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री हरदेव जोशी ने सी पी जोशी , जम्मू कश्मीर में शेख अब्दुल्ला ने फारुख अब्दुला और अब उमर अब्दुला मुख्यमंत्री है।इसी प्रकार मप्र के मुख्यमंत्री कैलाश जोशी ने दीपक जोशी, और सुंदरलाल पटवा ने सुरेंद्र पटवा,कैलाश सारंग ने विश्वास सारंग को आगे बढ़ाया।

भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था में इतने बड़े देश में परिवारवाद के कारण कई राजनीतिक दलों में कार्यकर्ताओं

की अनदेखी कर दी जाती है। स्व मुलायम सिंह यादव के परिवार में बताया जाता है कि 16 सांसद परिवार या रिश्तेदारों के है। बताया जाता है कि देश के 4500 विधायकों में से 1553 विधायक राजनीतिक परिवारों के है ।यह भी एक अध्ययन में कहा गया है कि देश के 30 फीसदी सांसद परिवारवाद से जुड़े हैं। सैकड़ों आईएएस, आईपीएस, राज्य सेवा के अधिकारी, राजदूत, आईएफएस, इन परिवारों के है या उनके दामाद है।इन परिवारों के कई गोरख धंधे हैं, कारे, लाइफ स्टाइल आला दर्जे की होती है।इस कारण आम जनता को चिढ़ होती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस परिवार बाद को राजनीतिक बुराई मानते हैं और उन्होंने परिवारवाद पर अंकुश लगाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परिवार से कोई सरोकार नहीं है शायद मां के निधन के बाद वे अहमदाबाद अपने भाई के घर भी नहीं गए। जिसमें वह 25 वर्षों से मुख्यमंत्री फिर प्रधानमंत्री है। पहले गांधीनगर में मुख्यमंत्री आवास में परिजनों का प्रवेश वर्जित था और अब प्रधानमंत्री आवास सात रेस कोर्स रोड नई दिल्ली में भी नरेंद्र मोदी का कोई परिजन नहीं आता है बताया जाता है एक बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मां को आवास पर लाए थे।

( यह लेखक के अपने विचार है )

# एनडीए की राजनीतिक पकड़ और संगठनात्मक शक्ति मजबूत

**ललित गर्ग**

सत्तारूढ़ एनडीए के उम्मीदवार एवं तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन ने विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को परास्त कर 17वें उपराष्ट्रपति के रूप में जीत दर्ज की।

यह ऐतिहासिक घटना भारतीय राजनीति में बदलते समीकरणों और भविष्य की दिशा का भी संकेत है। राधाकृष्णन का चुना जाना न केवल एनडीए और भाजपा की रणनीतिक सूझबूझ का परिणाम है, बल्कि इस बात का भी प्रमाण है कि व्यक्ति चयन की प्रक्रिया को उन्होंने केवल राजनीतिक समीकरण तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसमें व्यापक सामाजिक-राष्ट्रीय दृष्टिकोण भी जोड़े। उपराष्ट्रपति पद संवैधानिक गरिमा का प्रतीक होता है, जहां राजनीति से ऊपर उठ कर राष्ट्रहित सर्वोपरि हो जाता है।

इस जीत के कई निहितार्थ हैं। पहला, यह भाजपा और एनडीए की राजनीतिक पकड़ और संगठनात्मक शक्ति को और मजबूत करती है। दूसरा, यह विपक्षी इंडिया गठबंधन की कमजोरियों और आंतरिक मतभेदों को उजागर करती है। तीसरा, यह भविष्य की राजनीति की उस दिशा को दर्शाती है, जहां व्यक्तिगत ईमानदारी, सामाजिक स्वीकार्यता और राष्ट्रीय दृष्टि को अधिक महत्त्व मिलेगा। यह कदम भाजपा की उस राजनीति की भी झलक देता है, जहां वह केवल चुनावी जीत की ओर नहीं, बल्कि दीर्घकालीन सांस्कृतिक-वैचारिक स्थिरता की ओर अग्रसर है। कहा जा सकता है कि चुनाव में एक तीर से अनेक निशाने साधे गए हैं, एनडीए की शक्ति का प्रदर्शन, विपक्ष को स्पष्ट संदेश, संवैधानिक गरिमा की रक्षा और भविष्य की राजनीति में व्यक्ति चयन की एक नई परंपरा का सूत्रपात। भाजपा ने एक और तीर साधा है। जैसाकि तमिलनाडु की राजनीति परंपरागत रूप से द्रविड़ आंदोलनों और क्षेत्रीय पहचान से प्रभावित रही है, जहां कई दशकों से डीएमके और एआईएडीएमके का दबदबा रहा है। भाजपा के लिए इस राज्य में राजनीतिक जमीन तैयार करना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को महज 4 सीटें मिलीं जबकि एनडीए गठबंधन को 66 सीटों पर सफलता मिली। स्पष्ट है कि तमिलनाडु में भाजपा की पकड़ कमजोर है, और उसे क्षेत्रीय भावनाओं, भाषा और संस्कृति से जुड़े सवालों पर गहरी पैठ बनाने की जरूरत है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बना कर रणनीतिक दांव खेला है। राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं, और उनकी पहचान को आगे रखकर भाजपा राज्य की राजनीति में अपनी स्वीकार्यता बढ़ाना चाहती है।

संदेश देना चाहती है कि वह तमिल अस्मिता, संस्कृति और क्षेत्रीय नेतृत्व को सम्मान देती है। राधाकृष्णन के चुने जाने से भाजपा को उम्मीद है कि विधानसभा चुनावों में वह अपनी उपस्थिति और प्रभाव को विस्तार दे सकेगी और द्रविड़ राजनीति के प्रभुत्व को चुनौती देने का आधार बना सकेगी। भारत का उपराष्ट्रपति पद एवं उनका कार्यालय भारतीय लोकतंत्र की गरिमा और संतुलन का प्रतीक है। उपराष्ट्रपति संसद के उच्च सदन का अध्यक्ष होने के कारण संवाद, विचार और लोकतांत्रिक विमर्श की आत्मा को दिशा देते हैं। इस पद को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे दार्शनिक, विचारक और शिक्षाविद ने अपने व्यक्तित्व और कार्य से ऊंचाई दी तब यह पद राष्ट्र के सांस्कृतिक, नैतिक और बौद्धिक आदशरे का संवाहक बन गया। उनके माध्यम से संदेश गया कि उपराष्ट्रपति का पद केवल राजनीतिक महत्त्व का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय मूल्यों के संरक्षण और विकास का भी दायित्व वहन करता है।

रचनात्मक व्यक्तित्व को उपराष्ट्रपति पद पर प्रतिष्ठित करना भारतीय राजनीति की उज्ज्वल परंपरा को बढ़ाने का संकेत है। यह बताता है कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती केवल सत्ता-संघर्ष में नहीं, बल्कि उच्च पदों पर ऐसे व्यक्तित्वों के चयन में निहित है, जो नैतिकता, विद्वत्ता और संवेदनशीलता से लोकतंत्र की गुणवत्ता को बढ़ाएं। डॉ. राधाकृष्णन की परंपरा को स्मरण करते हुए आवश्यक है कि उपराष्ट्रपति पद निरंतर आदर्शवाद, विमर्श की गहराई और राष्ट्रीय मूल्यों की ऊर्जा का केंद्र बना रहे।

राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति बनने से राज्य सभा की कार्यवाही में संयम और संवाद की संस्कृति मजबूत होगी। उपराष्ट्रपति पद का दायित्व केवल औपचारिक नहीं होता, बल्कि संसद की गरिमा और संविधान की मर्यादा का संरक्षक भी होता है। दक्षिण भारत से आना और ओबीसी समुदाय से होना उन्हें सामाजिक-राजनीतिक संतुलन का प्रतिनिधि बनाता है। उनका जीवन कर्मयोगी की तरह रहा है। उन्होंने किसी भी पद को शक्ति के रूप में नहीं देखा, बल्कि सेवा और कर्त्तव्य निभाने का अवसर माना। अब वे सत्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में अपना कार्यकाल प्रारंभ रहे हैं, तो आशा की जा सकती है कि संसद में शांति, लोकतांत्रिक परंपराओं और संवाद के स्तर को ऊंचाई देंगे। उनका अनुभव, धैर्य और समर्पण देश की लोकतांत्रिक संरचना को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

( यह लेखक के अपने विचार है )

## विधानमंडल का अंग राज्यपाल

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्यपालों को राज्य सरकारों के लिए सच्चे मार्गदर्शक और दार्शनिक के रूप में कार्य करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में पांच न्यायाधीशों वाली राष्ट्रपति संदर्भ पीठ द्वारा केरल सरकार से सहमति व्यक्त की गई कि दोनों संवैधानिक प्राधिकारियों के बीच कार्य संबंध सहयोगात्मक होने चाहिए। केरल ने अदालत को बताया कि राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत आठ विधेयक सात से तेईस महानों तक लंबित रहे। दस दिन तक दलीलें सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने अपना फैसला बहरहाल सुरक्षित रख लिया।

केंद्र की तरफ से जवाब में कहा गया कि अनुच्छेद 200 के प्रावधान एक के तहत लौटाए गए विधेयक के साथ राज्यपाल का संदेश पुनर्विचार के दायरे को तय करेगा जिस पर मूल विधेयक संख्या अंकित होगी। आरोप है कि वे बगैर संदेश के इसे अंतहीन तौर पर रोके रहते हैं। बेशक, राज्यपाल को संवैधानिकता की जांच करने का अधिकार है, मगर अधिनियम बन जाने के बाद भी यह न्यायिक समीक्षा के लिए खुला होगा। राज्यपाल अक्सर केंद्र सरकार के इशारे पर काम करते हैं।

इन आरोपों-प्रत्यारोपों पर लगाम कसना टेढ़ी खीर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुमरू द्वारा अनुच्छेद 143 के तहत अदालत से मांगी गई राय के बाद यह बहस तेज हो गई। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट कहा कि न्यायिक सक्रियता को न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलना चाहिए। यदि लोकतंत्र का एक पक्ष कर्त्तव्य निर्वहन करने में विफल रहता है तो संविधान का संरक्षक न्यायालय शक्तिहीन होकर निष्क्रिय नहीं रह सकता।

कहना गलत नहीं कि राज्यपाल के काम पर शीर्ष अदालत का परमादेश जारी करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। मगर विपक्षी दलों की सरकारों की असहमतियों की सुनवाई की अनदेखी भी न्यायोचित नहीं है। राज्यपाल विधानमंडल का अंग है, जिनकी सहमति विधायी प्रक्रिया का हिस्सा है। कानून बनाने में राज्यपालों की सहमति महत्त्वपूर्ण चरण है पर सैद्धांतिक सहमति की आवश्यकता भी कम महत्त्व नहीं रखती।

उन परिस्थितियों को लेकर व्यवस्था देनी जरूरी है, जहां स्थिति खतरनाक हो रही हो या मध्य मार्ग स्पष्ट होता न दिख रहा हो। राज्यपालों की भूमिका रोजमर्रा के प्रावधानों में महत्त्व नहीं रखती। उन्हें नियंत्रण के साथ संतुलन बनाने के प्रति निष्पक्ष, चैतन्य और सतर्क दिखना चाहिए।

## सूचनाओं की शक्कर

– संतोष उत्सुक

शक्कर को कई बार मज़ाक में शक कर भी बोल देता हूं क्यूंकि पता नहीं चलता बढ़िया कौन सी है। मेरी पत्नी को संतरी से रंग की शक्कर पसंद नहीं है। इसलिए जिस रंग की पसंद है एक पैक खरीद लिया। शक्कर तो खाने के बाद ही पसंद आएगी, फिलहाल उसकी पैकिंग पर छपी सूचनाओं ने दिमाग हिला दिया।

कल शक्कर खरीदने गया तो समझदार दुकानदार ने आकर्षक पैक में जैविक शक्कर पेश की, जैविक को अंग्रेज़ी में आर्गेनिक कहते हैं। आजकल आर्गेनिक के नाम पर काफी कुछ बिक रहा है। इसलिए मैंने देसी शक्कर मांगी जो सदियों से पंजाब में गन्ने के खेतों में बनाई जाती है। उस शक्कर को भी दर्जनों कम्पनियां आकर्षक पैकिंग में बेच रही हैं। घटिया किस्म के पालिथीन में पैक कर भी बिक रही है और खुली भी उपलब्ध है। शक्कर के भी कई रंग ढंग हैं। सुना है भूरे रंग में मिलने वाली शक्कर वास्तव में कम प्रसंस्कृत यानी कम प्रोसेस्ड होती है। गुड़ की मिठास बढाने के लिए चीनी डाली जा रही है तो शक्कर में भी डाली जा सकती है।

शक्कर को कई बार मज़ाक में शक कर भी बोल देता हूं क्यूंकि पता नहीं चलता बढ़िया कौन सी है। मेरी पत्नी को संतरी से रंग की शक्कर पसंद नहीं है। इसलिए जिस रंग की पसंद है एक पैक खरीद लिया। शक्कर तो खाने के बाद ही पसंद आएगी, फिलहाल उसकी पैकिंग पर छपी सूचनाओं ने दिमाग हिला दिया। लगा, कम्पनी वाले सामान बढ़िया दें न दें प्रवचन बहुत अच्छा करते हैं । सबसे पहले छापा, 'नया पैक' इसका मतलब कि कम्पनी ने ग्राहकों को पटाने के लिए पैक की डिजाइनिंग दोबारा करवाई है। उसके नीचे बड़े अक्षरों में लिखा 'प्रकृति की गोद', उसके नीचे लिखा, 'हम गुणवत्तापूर्ण बनाते हैं'। चार भाषाओँ में लिखा, 'देसी शक्कर', 'देसी शक्कर' 'देसी शक्कर' 'देसी शक्कर'। सबसे बड़े आकार में अंग्रेज़ी में लिखा जिसे हिंदी मंथ में पढ़कर समझ में आया कि अंग्रेज़ी कितनी प्रसिद्ध और स्वीकृत है। एक मुहर जैसी बनाकर छापा, 'सौ प्रतिशत नेचुरल प्रोडक्ट, ओरिजिनल'।

आजकल अधिकांश चीज़ों में, नयापन, मौलिकता, शुद्धता, पारम्परिकता, प्राकृतिकता और गाय का दूध और शुद्ध देसी घी प्रवेश कर गया है। इस पैकेट पर भी कुछ ऐसी सूचनाएं छपी हैं जिनसे देसी गाय के शुद्ध घी की स्वास्थ्यवर्धक सुगंध आ रही थी। लिखा था, बिना किसी हानिकारक रासायनिक के, परम्परागत तरीके से तैयार, प्राकृतिक तत्वों और गाय के दूध से सफाई कर, गाय का देशी घी डाल कर स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाई गई है। गन्ने के सुन्दर स्कैच के नीचे लिखा है, 'ताज़ा और बेहतरीन गन्नों से बनाई गई'। वह बात दीगर है कि खाने की चीज़ों में घटिया से बढ़िया किस्म के रंग भी शामिल किए जा रहे हैं और चीज़ों को खाने लायक समय तक बचाए रखने के लिए प्रिजर्वेटिव्स, जिन्हें हिंदी में संरक्षक कहते हैं, प्रयोग किए जा रहे हैं। यह तमाम सूचनाएं पैक के एक तरफ है।

# नरेन्द्र मोदी युगांतरकारी नेतृत्व के प्रतीक महामानव

– ललित गर्ग

नरेंद्र मोदी आज केवल भारत के प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि वैश्विक परिदृश्य के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते हैं। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व भारतीय लोकतंत्र की गौरवगाथा को नई ऊँचाइयों तक ले गया है। साधारण परिवार में जन्मा एक बालक, जिसने जीवन के संघर्षों को तपस्या की तरह जिया, आज विश्व राजनीति ही नहीं, सम्पूर्ण मानवता का मार्गदर्शक बन गया है। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि यदि व्यक्ति में अटूट परिश्रम, कर्मनिष्ठा और राष्ट्रनिष्ठा का अदम्य संकल्प हो, तो वह इतिहास की धारा को भी मोड़ सकता है। नरेंद्र मोदी का उदय किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि यह भारत की जाग्रत चेतना और आत्मविश्वास का प्रतीक है। इक्कीसवीं सदी के भाल पर अपने कर्त्तृत्व की जो अमिट रेखाएं उन्होंने खींची हैं, वे विश्व राजनीति, मानवता एवं राष्ट्रीयता के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी। राजनीति-क्रांति के साथ-साथ वे व्यक्ति-क्रांति एवं समाज-क्रांति के सूत्रधार है। उनके विराट व्यक्तित्व को किसी उपमा से उपमित करना उनके व्यक्तित्व को ससीम बनाता है। उनके लिये तो इतना ही कहा जा सकता है कि वे अनिर्वचनीय हैं। इस वर्ष उनका 75वां जन्मोत्सव मनाते हुए समूचा राष्ट्र अपूर्व गर्व और गौरव की अनुभूति कर रहा है।

मोदी का व्यक्तित्व अनेक विलक्षणताओं का समवाय है, वह कठोर परिश्रम और मिशनरी दृष्टिकोण का जीवंत उदाहरण है। उनके दिन और रात का प्रत्येक क्षण राष्ट्र के लिए समर्पित रहता है। वे चौबीस घंटे भारत के लिए जीते हैं और योजनाओं को केवल कागजों पर नहीं छोड़ते, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारते हैं। उनका मंत्र 卐सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास卐 केवल राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन को नई दिशा देने वाला दर्शन है। उन्होंने राजनीति को सत्ता की होड़ से निकालकर सेवा और राष्ट्रनिर्माण का साधन बना दिया। काल के अनंत प्रवाह में 75 वर्षों का मूल्य बहुत नगण्य होता है, पर मोदी ने उद्देश्यपूर्ण जीवन जीकर जो ऊंचाइयां और उपलब्धियां हासिल की हैं, वे किसी कल्पना की उड़ान से भी अधिक है। अपने जीवन के सार्थक प्रयत्नों से उन्होंने इस बात को सिद्ध किया है कि साधारण पुरुष वातावरण से बनते हैं, किन्तु महामानव वातावरण बनाते हैं। समय और परिस्थितियां उनका निर्माण नहीं करती, वे स्वयं समय और परिस्थितियों का निर्माण करते हैं। साधारण पुरुष जहां अवसर को खोजते रहते हैं, वहां महापुरुष नगण्य अवसरों को भी अपने कर्तृत्व की छेनी से तराश कर महान् बना देते हैं।

नरेन्द्र मोदी का जन्म एवं पालन-पोषण वडनगर, बॉम्बे राज्य ( वर्तमान गुजरात ) में 17 सितंबर 1950 को हुआ। जहाँ उन्होंने अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी की। आठ साल की उम्र में उनका आरएसएस से परिचय हुआ और वे 1971 में गुजरात में संगठन के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बन गए। और 1998 में महासचिव बने। वे भारतीय राजनीति के जुझारू, कर्मठ एवं जीवट वाले नेता हैं जो 2014 से भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यरत हैं। मोदी 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और वाराणसी से सांसद हैं। इस वर्ष अपने 75वें जन्मदिन पर मोदी मध्य प्रदेश के धार जिले के भैंसोला गांव में रहेंगे। इस दिन प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड एपेरल पार्क का भूमि पूजन करेंगे। कपास आधारित उद्योगों पर आधारित यह पार्क 6 लाख किसानों को फायदा देगा। इसके अलावा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करेंगे, इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर उनकी पहुंच को बेहतर करना, गुणवत्तापूर्वक देखभाल और जागरूकता सुनिश्चित करना है। इसके अलावा महिलाओं के लिए कई अन्य योजनाओं की भी शुरुआत होगी।

मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिन उपलब्धियों को हासिल किया है, वे युगांतरकारी कही जा सकती हैं। आर्थिक क्षेत्र में जीएसटी, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं ने देश को नई गति दी। सामाजिक क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना, आयुष्मान भारत जैसी पहल ने करोड़ों गरीबों को सम्मानजनक जीवन का आधार दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक ने भारत की नई आक्रामक और निर्णायक छवि प्रस्तुत की। इन सबके बीच सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि मोदी ने भारतीय समाज में आत्मविश्वास का संचार किया और यह भावना मजबूत की कि भारत अब किसी से पीछे नहीं रहेगा। वैश्विक मंच पर नरेंद्र मोदी ने भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके विचार, जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता, कोप-26 जैसे पर्यावरण मंचों पर उनकी स्पष्ट प्रतिबद्धता, विश्व को यह संदेश देती है कि भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र है। कोविड महामारी के दौरान वैक्सीन मैत्री योजना ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत अपनी सीमाओं से परे जाकर पूरी मानवता के लिए सोचता है। यही कारण है कि आज भारत को विश्वगुरु की भूमिका निभाने वाला देश माना जाने लगा है और नरेंद्र मोदी इस नई पहचान के प्रेरक बने हैं।

मेरे लिए भी नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व केवल दूर से देखने का विषय नहीं रहा, बल्कि उनके साथ जुड़े अनेक आत्मीय अनुभव आज भी मेरे जीवन की स्मृतियों में ताज़ा है। वर्ष 2007 में जब मैं सुखी परिवार फाउंडेशन के महामंत्री के रूप में कार्य कर रहा था, तब गुजरात के आदिवासी अंचल कवांट में एक विशाल आदिवासी सम्मेलन गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में हमने आयोजित किया था। उस सम्मेलन में नरेंद्र मोदी स्वयं पधारे थे। उस समय वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे और कार्यक्रम में उपस्थित आदिवासी समाज की ऊर्जा और उत्साह के बीच गणि राजेन्द्र विजयजी ने बड़ी आत्मीयता से उनको कहा था-卐अब आप दिल्ली चलो।卐 गणिजी का यह वाक्य केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी धर्मगुरु की अंतरदृष्टि थी, जो बाद में सार्थक भी हुई। गणि राजेंद्र विजयजी के प्रभाव से उस सम्मेलन में करीब डेढ़ लाख आदिवासी एकत्र हुए थे और मोदीजी ने उस सम्मेलन को जिस संवेदनशीलता और गंभीरता से संबोधित किया, वह उनकी लोकमंगलकारी दृष्टि और आदिवासी समाज के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रमाण था। मेरे लिए यह केवल एक व्यक्तिगत संस्मरण नहीं, बल्कि इस बात का साक्षात अनुभव है कि मोदीजी किस तरह जीवन के हर स्तर पर मिलने वाले लोगों और परिस्थितियों को दूरगामी दृष्टि से देखते हैं और उनमें राष्ट्र निर्माण की संभावनाएँ खोजते हैं।

( यह लेखक के अपने विचार है )

# मोदी और नीतीश की जोड़ी से सबकी हवा टाइट, अबकी चुनाव में जीतेगी 225 सीटें कर्पूरी ठाकुर के बेटे ने किया ऐसा ऐलान



शाहकुंड,18 सितंबर (एजेंसी)। भागलपुर जिले के शाहकुंड प्रखंड के अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित सुल्तानगंज विधानसभा एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष साह ने, जबकि मंच संचालन जदयू जिला अध्यक्ष विपिन बिहारी सिंह एवं शैलेन्द्र तोमर ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की जोड़ी ने बिहार की प्रगति और विकास के लिए जो कार्य किए हैं, वह जनता के सामने स्पष्ट है। इस शासनकाल में बिहार की जनता ने राहत महसूस की है और खुशहाली आई है। बिहार में हर वर्ग का चहुंमुखी विकास हो रहा है। एनडीए सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और अन्य सेवाओं में विकास कर रही है और नवयुवकों को रोजगार भी दे रही है।उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए को 225 सीटें लाकर भारी बहुमत से जीतने का आह्वान किया। बिहपुर विधायक इं शैलेंद्र ने 2005 के पूर्व और वर्तमान बिहार की तुलना करते हुए वोट देने का निर्णय लेने की अपील की। सांसद गिरधारी यादव ने कहा कि एनडीए सरकार में विकास की लहर दौड़ रही है। भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की ओर अग्रसर है। पूर्व मंत्री रामनारायण मंडल ने 2005 के पहले के जंगल राज की चर्चा करते हुए वर्तमान सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित की। कलगांव विधायक पवन यादव ने भी एनडीए सरकार की प्रगति की बात की। स्थानीय विधायक ललित मंडल ने सुल्तानगंज विधानसभा में किए गए विकास कार्यो की उपलब्धियां बताईं और कार्यकर्ताओं से इस बार भी बिहार में एनडीए की सरकार बनाने की अपील की। सभा को संबोधित करने वालों में पूर्व सांसद एवं विधायक सुबोध राय, हम पार्टी के राष्ट्रीय सचिव निलेश सिंह, हिमांशु पटेल, अजय राय सहित दर्जनों नेता शामिल थे। सम्मेलन में हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचाने का संकल्प लिया।पीरपैंती विधानसभा स्तरीय एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन के संपन्न होने के बाद भाजपा कार्यकर्ता दो खेमों में बंट गए हैं। दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। भाजपा कार्यकर्ताओं के एक खेमे ने शेरमारी चौक पर बैठक आयोजित की, जिसमें मंडल अध्यक्ष हरे राम शर्मा, भाजपा नेता शिव बालक तिवारी, मुन्ना सिंह, सरपंच वरुण गोस्वामी, ऋषिकेश सिंह, पंकज सिंह, धीरेंद्र जयसवाल आदि शामिल हुए।

उन्होंने पिछले दिन कार्यकर्ता सम्मेलन में जुटे एनडीए कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि पीरपैंती विधायक ललन पासवान ने पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं को मंच पर स्थान नहीं दिया, जिससे कार्यकर्ताओं में आक्रोश है।सम्मेलन में उन लोगों को सम्मानित किया गया, जो पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। विधायक के इशारे पर ऐसा किया गया। जबकि वे कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता का श्रेय ले रहे हैं। ललन पासवान ने पलटवार करते हुए कहा कि मंच पर विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और एनडीए के तीनों घटक दलों के जिला और प्रदेश पदाधिकारियों को स्थान दिया गया। सभी विधानसभा के वरिष्ठ नेताओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि जो लोग इस तरह के बयान दे रहे हैं,



नई दिल्ली में मुकरवा चौक फ्लाईओवर के पास रेलवे ओवरब्रिज पर एक तेज रफ्तार सियाज कार के नियंत्रण खो देने और रेलवे ट्रैक पर गिर जाने के बाद घटनास्थल पर एकत्रित पुलिसकर्मी और

## मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से फोन पर की बात, इन बड़े मुद्दों पर हुई चर्चा



नई दिल्ली ,18 सितंबर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी इटालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी के साथ भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा की और इसके लिए उनके समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। यूक्रेन युद्ध के अलावा, दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने इतालवी प्रधानमंत्री के साथ फोन पर यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के उपायों और भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के कार्यान्वयन पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्विटर पर कहा, प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और यूक्रेन युद्ध को जल्द समाप्त करने की अपनी साझा इच्छा व्यक्त की।

उन्होंने कहा, भारत-ईयू के बीच आपसी हितों पर आधारित व्यापार समझौते का समर्थन करने और आईएमईसी पहल के माध्यम से कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने में इटली के सक्रिय सहयोग के लिए पीएम मेलोनी का धन्यवाद। भारत और यूरोपीय संघ इस साल के अंत तक प्रस्तावित एफटीए को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं। दोनों पक्ष इस सप्ताह नई दिल्ली में 13वें दौर की वार्ता कर रहे हैं। भारत और यूरोपीय संघ ने लगभग आठ वर्षों के अंतराल के बाद जून 2022 में वार्ता फिर से शुरू की। जबकि ढ्ढरूश्वश्व पहल को 2023 में दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान अंतिम रूप दिया गया।उन्होंने कहा, भारत-ईयू के बीच आपसी हितों पर आधारित व्यापार समझौते का समर्थन करने और आईएमईसी पहल के माध्यम से कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने में इटली के सक्रिय सहयोग के लिए पीएम मेलोनी का धन्यवाद। भारत और यूरोपीय संघ इस साल के अंत तक प्रस्तावित एफटीए को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं। दोनों पक्ष इस सप्ताह नई दिल्ली में 13वें दौर की वार्ता कर रहे हैं। भारत और यूरोपीय संघ ने लगभग आठ वर्षों के अंतराल के बाद जून 2022 में वार्ता फिर से शुरू की।

## आतंक के प्रायोजक से नहीं चाहिए सबक, यूएन में भारत ने पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी




जेनेवा ,18 सितंबर (एजेंसी)। भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) मानवाधिकार परिषद में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि उसे आतंकवाद के उस प्रायोजक से सबक लेने की जरूरत नहीं है जो वैश्विक सुरक्षा को खतरे में डालने वाले नेटवर्क को वित्तपोषित और पनाह देता है। जेनेवा स्थित भारत के स्थायी मिशन के काउंसलर क्षितिज त्यागी ने मंगलवार को कहा, हमें एक बार फिर उस देश के उकसावे का सामना करना पड़ा जिसके नेतृत्व ने हाल ही में अपने देश को डंप ट्रक बताया था। यह देश इस प्रतिष्ठित परिषद में लगातार झूठ और दुष्प्रचार पेश कर रहा है। त्यागी ने मानवाधिकार परिषद के 60वें सत्र में एक बहस के दौरान भारत के संदर्भ में पाकिस्तान की टिप्पणी पर यह जवाब दिया। पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए त्यागी ने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र किया, जहां पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को 26 पर्यटकों की बेरहमी से हत्या कर दी थी।पाकिस्तान के एबटाबाद में अमेरिकी सैन्य अभियान में मारे गए अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 9/11 को मत भूलिए, जिसकी बरसी दुनिया कल मनाएगी। आज हम उन लोगों का पाखंड देख रहे हैं जिन्होंने इस आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड को पनाह दी और उसे शहीद के रूप में महिमामंडित किया। उन्होंने कहा, पुलवामा, उरी, पठानकोट, मुंबई.. यह एक अंतहीन सूची है।

स्विट्जरलैंड को अपनी चुनौतियों पर ध्यान देना चाहिए भारत ने अल्पसंख्यकों का मुद्दा उठाने के लिए स्विट्जरलैंड को करारा जवाब दिया है।भारत ने कहा कि स्विट्जरलैंड जैसे घनिष्ठ मित्र और साझेदार की ओर से इस तरह की सतही और गलत टिप्पणियां आश्चर्यजनक हैं। उसे नस्लवाद, भेदभाव और दूसरे देशों के लोगों के प्रति घृणा जैसी अपनी चुनौतियों पर ध्यान देना चाहिए। भारत के स्थायी मिशन के काउंसलर क्षितिज त्यागी ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 60वें सत्र के दौरान यह जवाब दिया। परिषद में स्विस प्रतिनिधि ने कहा था कि उनका देश भारत सरकार से अल्पसंख्यकों की रक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मीडिया की स्वतंत्रता के अधिकारों को बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने का आह्वान करता है। त्यागी ने कहा कि चूंकि स्विट्जरलैंड संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की अध्यक्षता कर रहा है।जेनेवा स्थित भारत के स्थायी मिशन के काउंसलर क्षितिज त्यागी ने मंगलवार को कहा, हमें एक बार फिर उस देश के उकसावे का सामना करना पड़ा जिसके नेतृत्व ने हाल ही में अपने देश को डंप ट्रक बताया था। यह देश इस प्रतिष्ठित परिषद में लगातार झूठ और दुष्प्रचार पेश कर रहा है। त्यागी ने मानवाधिकार परिषद के 60वें सत्र में एक बहस के दौरान भारत के संदर्भ में पाकिस्तान की टिप्पणी पर यह जवाब दिया। पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए त्यागी ने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र किया, जहां पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को 26 पर्यटकों की बेरहमी से हत्या कर दी थी।पाकिस्तान के एबटाबाद में अमेरिकी सैन्य अभियान में मारे गए अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 9/11 को मत भूलिए, जिसकी बरसी दुनिया कल मनाएगी। आज हम उन लोगों का पाखंड देख रहे हैं जिन्होंने इस आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड को पनाह दी

## पंजाब के आप विधायक को 4 साल की सजा, युवती से की थी छेड़छाड़

तरनतारन ,18 सितंबर (एजेंसी)।

पंजाब की राजनीति में हलचल मचाते हुए तरनतारन की अदालत ने आम आदमी पार्टी विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा को 4 साल की सजा सुनाई है। यह सजा उन्हें 12 साल पुराने एक मामले में मिली है। अदालत के फैसले के बाद उनकी विधायकी पर भी तलवार लटक गई है। हालांकि, लालपुरा के पास हाईकोर्ट जाने का विकल्प मौजूद है। अदालत ने विधायक लालपुरा को उस केस में दोषी ठहराया, जिसमें उन पर एक युवती से मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप था। घटना के वक्त लालपुरा टैक्सी ड्राइवर हुआ करते थे। फैसला सुनाए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कोर्ट ने विधायक को सजा सुनाने के साथ-साथ पीड़ित लड़की को मुआवजा देने का भी आदेश दिया है।इस केस में अदालत ने विधायक लालपुरा के साथ 5 पुलिसकर्मियों दविंदर कुमार, सारज सिंह, अश्वनी कुमार, तरसेम सिंह और हरजिंदर सिंह को भी दोषी ठहराया है। हालांकि, गगनदीप सिंह और पुलिसकर्मी नरिंदरजीत सिंह व गुरदीप राज को अदालत ने ज्यूडिशियल हिरासत में नहीं भेजा। तीन मार्च 2013 में गांव उसमां निवासी हरबिंदर कौर उसमां अपने पिता कश्मीर सिंह व परिवार के अन्य सदस्यों समेत विवाह समारोह में भाग लेने के लिए पंजाब इंटरनेशनल पैलेस में पहुंची थी तो वहां पर मौजूद टैक्सी चालकों द्वारा हरबिंदर कौर उसमां के साथ छेड़छाड़ की गई। विरोध करने पर टैक्सी चालकों ने उनकी मारपीट की। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने भी बीच सड़क पर परिवार की मारपीट की थी। तब विस हलका पट्टी के गांव उसमां का यह मामला सड़क से लेकर सांसद तक गूंजा था। जिस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मामले का संज्ञान लेते पीड़िता के परिवार को सुरक्षा मुहैया करवाने के आदेश दिए थे। पीड़िता ने आगे कहा इस लड़ाई के दौरान कई मुश्किल चरण आए। मैं अपने बेटे को दो-दो महीने तक स्कूल नहीं भेज पाती थी, क्योंकि आरोपी मुझे रास्ते में मारने की धमकियां देते थे। वे मुझ पर केस वापस लेने का दबाव डालते थे। मैं अदालत से मांग करती हूं कि इन्हें कठोर सजा दी जाए। मेरे जीवन के 13 साल इन्होंने बर्बाद किए हैं। वे मुझ पर केस वापस लेने का दबाव डालते थे। मैं अदालत से मांग करती हूं कि इन्हें कठोर सजा दी जाए। मेरे जीवन के 13 साल इन्होंने बर्बाद किए हैं।

## ट्रंप के टैरिफ से भारत को नुकसान हो रहा है, नौकरियां खत्म हो रही : शशि थरूर

नई दिल्ली ,18 सितंबर (एजेंसी)।

अमेरिका द्वारा लगाए गए 'टैरिफ' (शुल्क) का भारत पर असर पड़ा है और लोगों की नौकरियां जा रही हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने यह बात कही। उन्होंने यह दावा भी किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ''अस्थिर'' स्वभाव का परिचय दे रहे हैं और वह कूटनीतिक आचार-व्यवहार के पारंपरिक मानकों का सम्मान भी नहीं करते। अमेरिका ने भारत से निर्यात होने वाली वस्तुओं पर 50% टैरिफ लगाया है, जिसमें रूस से तेल खरीदने के लिए लगाया गया 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ भी शामिल है। थरूर ने कहा कि टैरिफ के प्रभाव को कम करने के लिए भारत को निर्यात बाजारों में विविधता लाने की ज़रूरत है। उनका कहना था कि सूरत में रत्न एवं आभूषण व्यवसाय, समुद्री खाद्य और विनिर्माण क्षेत्रों में 1.35 लाख लोगों की नौकरियां चली गई हैं। भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष उद्योग निकाय 'क्रेडाई' द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में भारत-अमेरिका संबंधों और टैरिफ से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर देते हुए थरूर ने कहा, ''ट्रंप बहुत ही अस्थिर व्यक्ति हैं और अमेरिकी शासन व्यवस्था राष्ट्रपति को बहुत अधिक शक्ति देती है।'' लोकसभा सदस्य ने कहा कि ट्रंप से पहले 44 या 45 राष्ट्रपति रहे हैं, लेकिन व्हाइट हाउस की ओर से इस तरह का व्यवहार किसी ने कभी नहीं देखा, जैसा इनका है।

कांग्रेस नेता के अनुसार, ट्रंप हर पैमाने पर एक ''असामान्य राष्ट्रपति'' हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति निश्चित रूप से कूटनीतिक व्यवहार के पारंपरिक मानकों का सम्मान नहीं करते। उन्होंने कहा, ''मेरा मतलब है कि क्या आपने कभी किसी विश्व नेता को खुलेआम यह कहते सुना है कि वह नोबेल शांति पुरस्कार के हकदार हैं? ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। क्या आपने किसी विश्व नेता को यह कहते सुना है-दुनिया के सभी देश आकर मेरी पीठ थपथपाना चाहते हैं।'' थरूर का कहना था, ''क्या आपने किसी विश्व नेता को यह कहते सुना है कि भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाएं तबाह हैं तथा मुझे परवाह नहीं कि वे दोनों एक साथ बर्बाद हो जाएं।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''ट्रंप असामान्य हैं और मैं आपसे विनती करता हूं कि उनके व्यवहार से हमारे प्रदर्शन का आकलन न करें।'' थरूर ने कहा कि सच्चाई यह है कि टैरिफ का भारत पर बहुत ही नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

उनका कहना था, ''पहले से ही, लोग अपनी नौकरियां खो रहे हैं। सूरत में रत्न और आभूषण व्यवसाय में 1.35 लाख लोगों की छंटनी हो चुकी है।'' थरूर ने कहा कि शुरुआती 25 प्रतिशत टैरिफ और 25 प्रतिशत के अतिरिक्त जुर्माने के कारण कई उत्पादों का निर्यात अव्यवहारिक हो गया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत के पास कमर कसने और आगे बढ़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

## नेपाल में चारों तरफ हिंसा, होटल में आग

महाराजगंज ,18 सितंबर (एजेंसी)। पड़ोसी देश नेपाल में हाल ही में जमकर उपद्रव हुआ। इस दौरान कई लोगों की जानें गईं तो हजारों लोग घायल हुए। उपद्रवियों ने राष्ट्रपति भवन तक को आग लगा दिया। हालांकि इस घटना में एक भारतीय महिला की भी दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल, नेपाल के पशुपति नाथ मंदिर में घूमने के लिए महिला अपने पति के साथ गई थी। सभी प्रमुख स्थलों पर दर्शन के बाद दोनों वापस लौटने वाले थे।

हालांकि इसी बीच नेपाल में उपद्रव शुरू हो गया। एयरपोर्ट बंद होने की वजह से दंपति ने होटल में ही रुकने का फैसला लिया। हालांकि उपद्रवियों ने होटल में भी आग लगा दी। जान बचाने के लिए दोनों होटल की चौथी मंजिल से कूद गए। इस दौरान महिला की मौत हो गई, जबकि पति बच गया। मृतक महिला की पहचान गाजियाबाद की रहने वाली राजेश देवी गोली के रूप में हुई, जबकि उसके पति की पहचान रामवीर सिंह गोली के रूप में हुई। शुक्रवार को महिला का पति शव को लेकर महाराजगंज जिले के सोनौली बॉर्डर पर पहुंचा, जिसके बाद घटना के बारे में उसने जानकारी दी। उन्होंने बताया, हमने कूदकर अपनी जान बचाने की कोशिश की।




नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और एम वेंकैया नायडू के साथ।

# सूर्यकुमार ने सेना को समर्पित की जीत, पाकिस्तान पर फतह के बाद बोले- पहलगाम हमले के पीड़ितों के साथ

दुबई ,18 सितंबर ( एजेंसी )। सूर्यकुमार ने कहा कि टीम पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनो के साथ है। भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर एशिया कप में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है।भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप में मिली जीत को भारतीय सेना को समर्पित किया है। सूर्यकुमार ने कहा कि टीम पहगलाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनो के साथ है। भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर एशिया कप में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। मालूम हो कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर विवाद हो रहा था और देश में इस मैच का बहिष्कार करने की मांग हो रही थी। सूर्यकुमार ने पीड़ित परिवारों के प्रति व्यक्त की एकजुटतासूर्यकुमार ने मैच के बाद कहा, मैं कुछ कहना चाहता हूं और यह मौका भी सही है। हम पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिवार के साथ हैं और इनके साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करते हैं। मैं यह जीत ( पाकिस्तान के खिलाफ ) हमारे सभी सशस्त्र बलों को समर्पित करता हूं जिन्होंने काफी बहादुरी दिखाई है। उम्मीद है कि वे आगे भी हमें प्रेरित करते रहेंगे और जब भी हमें उन्हें खुशी देने का मौका मिलेगा, हम उनके चेहरे पर हंसी लाते रहेंगे। सूर्यकुमार बोले- स्पिनरों का फैन रहा हूंसूर्यकुमार ने इस मैच में कप्तानी पारी खेली और 37 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद 47 रन बनाकर नाबाद लौटे। सूर्यकुमार का



आज ( 14 सितंबर ) को जन्मदिन था और दुबई स्टेडियम में दर्शक लगातार उन्हें जन्मदिन की बधाई दे रहे थे। सूर्यकुमार ने कहा, शानदार अहसास और भारत के लिए एक बेहतरीन रिटर्न गिफ्ट है। इंसानी फितरत है कि जब आप इसके बारे में सोचते हैं तो यह आपके दिमाग में घूमता रहता है। आप जीतना जरूर चाहते हैं और जब आप जीत जाते हैं, तो आपके पास यह तैयार होता है। मैं हमेशा अंत तक टिके रहना चाहता था। पूरी टीम के लिए यह एक अन्य मुकाबले की तरह ही था। हमने सभी विपक्षी टीमों के लिए एक समान तैयारी की है। ऐसा ही कुछ महीने पहले भी हुआ था। टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर लय तय की। मैं हमेशा से ही स्पिनरों का फैन रहा हूं क्योंकि वे मध्य ओवर में खेल को नियंत्रित करते हैं। भारत ने एकतरफा अंदाज में जीता मैच मैच की बात करें तो भारत ने एकतरफा अंदाज में पाकिस्तान को पटखनी दी और सात विकेट से मैच जीता। भारत ने पाकिस्तान को 25 गेंदों के शेष रहते हराकर मौजूदा टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 127 रन बनाए। जवाब में भारत ने 15.5 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन बनाए और मैच अपने नाम कर लिया। भारतीय गेंदबाजों के बाद बल्लेबाजों ने भी निराश नहीं किया और आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।उम्मीद है कि वे आगे भी हमें प्रेरित करते रहेंगे और जब भी हमें उन्हें खुशी देने का मौका मिलेगा, हम उनके चेहरे पर हंसी लाते रहेंगे। सूर्यकुमार बोले- स्पिनरों का फैन रहा हूंसूर्यकुमार ने इस मैच में कप्तानी पारी खेली और 37 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद 47 रन बनाकर नाबाद लौटे।




## भारतीय गेंदबाजों पर भारी पड़े सैम कोंस्टास, पहले दिन जड़ा शतक, ऑस्ट्रेलिया ए का स्कोर 337/5

लखनऊ,18 सितंबर ( एजेंसी )। ऑस्ट्रेलिया ए ने लखनऊ के भारत रत्न अटल विहारी वाजपेयी स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। कोंस्टास और कैम्पबेल ने ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलाई और दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 198 रनों की साझेदारी हुई ।सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास के शतक और कैम्पबेल केलावे के साथ उनकी 198 रनों की साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के शुरुआती दिन पांच विकेट पर 337 रन बनाए हैं। दिन का खेल समाप्त होने तक लियाम स्कॉट 47 और विकेटकीपर बल्लेबाज जोश फिलिप तीन रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत ए के लिए हर्ष दुबे को तीन विकेट मिले, जबकि खलील अहमद और गुरनुर बरार को एक-एक सफलता मिली।

कोंस्टास-कैम्पबेल के बीच मजबूत साझेदारी

ऑस्ट्रेलिया ए ने लखनऊ के भारत रत्न अटल विहारी वाजपेयी स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। कोंस्टास और कैम्पबेल ने ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलाई और दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 198 रनों की साझेदारी हुई। इस साझेदारी को बरार ने कैम्पबेल को आउट कर तोड़ा। कैम्पबेल 97 गेंदों पर 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 88 रन बनाकर आउट हुए और शतक लगाने से चूक गए।

गेंदबाजों ने की वापसी

पहली सफलता मिलने के बाद भारतीय गेंदबाजों ने वापसी की और ऑस्ट्रेलिया ए को नियमित अंतराल पर तीन झटके और दिए। हर्ष दुबे ने कप्तान नाथन मैकस्वीनी को आउट किया जो एक रन बना सके। कोंस्टास शतक लगाने में सफल रहे, लेकिन हर्ष ने उन्हें भी बोल्ड कर पवेलियन की राह दिखाई। कोंस्टास 114 गेंदों पर 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 109 रन बनाकर आउट हुए। इसके थोड़ी देर बाद खलील अहमद ने ओलिवर पिएके को अपना शिकार बनाया जो दो रन बनाकर आउट हुए।

अच्छी शुरुआत के बाद चार विकेट नियमित अंतराल पर गंवाने के बाद कूपर कोनोली और स्कॉट ने मोर्चा संभाला और दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 109 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान कोनोली ने अर्धशतक भी लगाया। दिन के खेल की समाप्ति से पहले हर्ष ने कोनोली को आउट कर ऑस्ट्रेलिया ए को पांचवां झटका दिया। कोनोली 84 गेंदों पर 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 70 रन बनाकर आउट हुए।

# पाकिस्तान के राष्ट्रगान से पहले बजा पॉप सॉन्ग सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

दुबई 18 सितंबर ( एजेंसी )। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें कथित तौर पर पाकिस्तान के राष्ट्रगान से पहले पॉप सॉन्ग बजता दिख रहा है।भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में एशिया कप का मुकाबला खेला जा रहा है। पाकिस्तान ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है। दोनों ही टीमों ने मैच के लिए प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया है। इस बीच, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें कथित तौर पर पाकिस्तान के राष्ट्रगान से पहले पॉप सॉन्ग बजता दिख रहा है। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत ने यूएई के खिलाफ मैच की तरह पाकिस्तान के खिलाफ भी तीन स्पिनर और एक विशेषज्ञ तेज गेंदबाज की रणनीति को बरकरार रखा है। भारत की गेंदबाजी इस मैच में अच्छी रही है और उसने पाकिस्तान को शुरुआती झटके दिए हैं। पाकिस्तान ने 83 रन के स्कोर पर सात विकेट गंवा दिए हैं और लगातार दूसरे मैच में स्पिनरों का दम देखने को मिला है। सोशल मीडिया पर क्या किया जा रहा दावामैच से पहले भारत और पाकिस्तान का राष्ट्रगान बजा और दोनों टीमों के खिलाड़ी इसके लिए मैदान पर इकट्ठा हुए। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दावा किया जा रहा है कि कथित तौर पर



पाकिस्तान का राष्ट्रगान बजने से पहले पॉप सॉन्ग बजा जिससे पाकिस्तानी खिलाड़ी चौंक गए। हालांकि, तुरंत ही पाकिस्तान का राष्ट्रगान बजने लगा। अब सोशल मीडिया पर लोग इस वीडियो को शेयर कर रहे हैं और पाकिस्तान के मजे ले रहे हैं। कुलदीप का फिर चला जादूभारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव का जादू लगातार दूसरे मैच में चला। कुलदीप ने यूएई के खिलाफ मैच में चार विकेट लिए थे और पाकिस्तान के खिलाफ भी उन्होंने दमदार गेंदबाजी की। कुलदीप भारत के लिए हमेशा ही अहम रहते हैं और पाकिस्तान के खिलाफ इस मैच में उनके दमदार प्रदर्शन से पाकिस्तान की पारी लड़खड़ा गई है।पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत ने यूएई के खिलाफ मैच की तरह पाकिस्तान के खिलाफ भी तीन स्पिनर और एक विशेषज्ञ तेज गेंदबाज की रणनीति को बरकरार रखा है। भारत की गेंदबाजी इस मैच में अच्छी रही है और उसने पाकिस्तान को शुरुआती झटके दिए हैं। पाकिस्तान ने 83 रन के स्कोर पर सात विकेट गंवा दिए हैं और लगातार दूसरे मैच में स्पिनरों का दम देखने को मिला है। सोशल मीडिया पर क्या किया जा रहा दावा मैच से पहले भारत और पाकिस्तान का राष्ट्रगान बजा और दोनों टीमों के खिलाड़ी इसके लिए मैदान पर इकट्ठा हुए।

# व्यापार



## विरोध प्रदर्शनों से नेपाल के होटल उद्योग को 25 अरब का नुकसान, वित्तीय दायित्वों को पूरा करना मुश्किल

काठमांडो 18 सितंबर ( एजेंसी )। सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान देश भर के लगभग दो दर्जन होटलों में तोड़फोड़, लूटपाट या आगजनी की गई। सबसे बुरी तरह प्रभावित होटलों में काठमांडू का हिल्टन होटल शामिल है। इसे अकेले 8 अरब रुपये से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है। मंगलवार के हिंसक विरोध प्रदर्शन से नेपाल के होटल उद्योग को देश भर में करीब 2500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। पर्यटन आधारित देश की अर्थव्यवस्था के लिए यह बड़ा झटका है। सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान देश भर के लगभग दो दर्जन होटलों में तोड़फोड़, लूटपाट या आगजनी की गई। सबसे बुरी तरह प्रभावित होटलों में काठमांडू का हिल्टन होटल शामिल है। इसे अकेले 8 अरब रुपये से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है। माई रिपब्लिका समाचार पोर्टल ने होटल एसोसिएशन नेपाल ( एचएएन ) की ओर से जारी एक बयान के हवाले से यह जानकारी दी। काठमांडो घाटी, पोखरा, बुटवल, भैरहवा, झापा, विराटनगर, धनगढ़ी, महोत्तरी और डांग-तुलसीपुर के अन्य प्रमुख घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड होटलों को भी हिंसा का खामियाजा भुगतना पड़ा। एचएएन ने कहा कि कई प्रभावित होटल मरम्मत और पुनर्निर्माण के बिना फिर से काम शुरू नहीं कर पाएंगे। इससे 2,000 से ज्यादा कर्मचारियों की नौकरियां प्रभावित होंगी ।एचएएन ने चिंता व्यक्त की कि इस विनाश के कारण होटलों के लिए बैंकों और अन्य संस्थानों के प्रति वित्तीय दायित्वों को पूरा करना मुश्किल हो जाएगा। इसने घटनाओं की जांच के लिए न्यायिक समिति गठित करने, दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने और प्रभावित व्यवसायों के लिए मुआवजे की घोषणा करने की मांग की। एसोसिएशन ने सरकार से मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए आर्थिक राहत पैकेज शुरू करने का भी आग्रह किया। नेपाल के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन का योगदान लगभग सात प्रतिशत है।

## भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील जल्द हो सकती है फाइनल

नई दिल्ली 18 सितंबर ( एजेंसी )। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील का पहला चरण नवंबर तक फाइनल हो सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच चर्चा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और दोनों पक्ष अब तक की प्रगति से संतुष्ट हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान गोयल ने कहा कि फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने मंत्रियों को इस समझौते पर काम करने और इस साल नवंबर तक पहले चरण को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया था ।गोयल ने आगे कहा कि इस ट्रेड डील का पहला चरण नवंबर 2025 तक पूरा हो जाना चाहिए, और मार्च से ही इस विषय पर बहुत अच्छे माहौल में बहुत गंभीरता से

# बिस्कुट-साबुन के छोटे पैकेट नहीं होंगे सस्ते, एफएमसीजी कंपनियां सीधे राहत देने में असमथ

दिल्ली 18 सितंबर ( एजेंसी )। एफएमसीजी कंपनियों ने सीबीआईसी से कहा कि वे 5 रुपये, 10 रुपये और 20 रुपये की कीमत वाले छोटे पैकेट पर जीएसटी दरों में कमी के अनुपात में एमआरपी नहीं घटा पाएंगी, क्योंकि इससे कीमतें उस स्तर तक गिर जाएंगी, जो नियमित भारतीय उपभोक्ता के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से उपयुक्त नहीं होगी ।जीएसटी दरों में कटौती के बाद भी 22 सितंबर से बिस्कुट, साबुन और टूथपेस्ट के छोटे पैकेट सस्ते नहीं होंगे, क्योंकि एफएमसीजी कंपनियां कम मूल्य वाली वस्तुओं की खुदरा बिक्री कीमतों ( एमआरपी ) पर कर दरों में कमी का लाभ सीधे हस्तांतरित नहीं कर पाएंगी।?दैनिक उपभोग के उत्पाद बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ( सीबीआईसी ) के समक्ष छोटे पैकेट पर जीएसटी में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं को देने में असमर्थता जताई?है।?मामले से जुड़े तीन सूत्रों के मुताबिक, एफएमसीजी कंपनियों ने सीबीआईसी से कहा कि वे 5 रुपये, 10 रुपये और 20 रुपये की कीमत वाले छोटे पैकेट पर जीएसटी दरों में कमी के अनुपात में एमआरपी नहीं घटा पाएंगी, क्योंकि इससे कीमतें उस स्तर तक गिर जाएंगी, जो नियमित भारतीय उपभोक्ता के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से उपयुक्त नहीं होगी। उदाहरण के लिए...पहले



20 रुपये एमआरपी वाले बिस्कुट में 18 फीसदी जीएसटी शामिल था, जो 22 सितंबर के बाद घटकर 5 फीसदी रह जाएगा।?इससे 20 रुपये वाले बिस्कुट के पैकेट की एमआरपी कम होकर 17.80 या 18 रुपये हो जाएगी ।कंपनियों की चिंता...पूरा लाभ देने से बिगड़ेगा ढांचाकेंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के साथ?चर्चा में एक एफएमसीजी कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी ने कहा, अगर हम जीएसटी दरों में कटौती के अनुरूप पूरा लाभ उपभोक्ता को देना चाहें, तो भले ही 20 रुपये की कीमत वाले उत्पाद के पैकेट की एमआरपी कम होकर 18 रुपये रह जाएगी।?लेकिन, दैनिक उपभोग की वस्तुओं के लिए 18 रुपये की कीमत हम नहीं चाहते हैं, क्योंकि भारतीय उपभोक्ता 5 रुपये, 10 रुपये और 20 रुपये की एमआरपी वाले उत्पादों की मांग करता है।?कुल मिलाकर, हम इस ढांचे और उपभोक्ता व्यवहार को बिगाड़ना नहीं चाहते हैं।?एक अन्य एफएमसीजी कंपनी के कार्यकारी अधिकारी ने कहा, उपभोक्ताओं को लाभ देने के लिए पैकेट में वस्तुओं की मात्रा बढ़ा सकते हैं।?इसका मतलब है कि जीएसटी दरों में कटौती के बाद भी कीमतें नहीं घटेंगी, लेकिन पैकेट का आकार बढ़ जाएगा। इन उत्पादों की मात्रा बढ़ जाएगी ।?अब इंपल्स पैक पर जोरबीकाजी फूड्स इंटरनेशनल के सीएफओ रिषभ जैन के मुताबिक, कंपनी 'इंपल्स पैक्स' में ग्रामेज बढ़ोतरी' करेगी ताकि लाभ पहुंचाया जा सके। एफएमसीजी में इंपल्स पैक वह उत्पाद होता है, जिसकी पैकेजिंग अनियोजित खरीद को बढ़ावा देती है।वित्त मंत्रालय के अधिकारी कहते हैं, सरकार आने वाले दिनों में ऐसे उत्पादों के लिए दिशानिर्देश जारी कर सकती है, ताकि एफएमसीजी कंपनियों की ओर से अनजाने में लाभ कमाने की स्थिति से बचा जा सके ।लाभ पहुंचाने से बढ़ेगी खपतडाबर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहित मल्होत्रा का कहना है कि कंपनियां निश्चित तौर पर जीएसटी दरों में कटौती के लाभ को उपभोक्ताओं तक पहुंचाएंगी।? इससे खपत में वृद्धि होगी।

## अगले छह महीने में चांदी की हॉलमार्किंग भी होगी अनिवार्य; प्रमोद तिवारी ने कहा- अभी इसका परीक्षण जारी

नई दिल्ली 18 सितंबर ( एजेंसी )। भारत मानक ब्यूरो ( बीआईएस ) के महानिदेशक प्रमोद तिवारी ने कहा, अभी इसका परीक्षण किया जा रहा है और इसके बाद अनिवार्य कर दिया जाएगा। देश में पहले से ही सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग है, इसलिए चांदी के लिहाज से कोई बड़ा संकट नहीं होगा।

सरकार सोने की तर्ज पर अगले छह महीने में चांदी की हॉलमार्किंग को भी अनिवार्य करेगी। एक सितंबर से देशभर में चांदी के आभूषणों और वस्तुओं की स्वैच्छिक आधार पर हॉलमार्किंग हो रही है।?भारत मानक ब्यूरो ( बीआईएस ) के महानिदेशक प्रमोद तिवारी ने कहा, अभी इसका परीक्षण किया जा रहा है और इसके बाद अनिवार्य कर दिया जाएगा। देश में पहले से ही सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग है, इसलिए चांदी के लिहाज से कोई बड़ा संकट नहीं होगा। बीआईएस प्रमुख ने कहा, चांदी की हॉलमार्किंग से



उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा होगी। उन्हें चांदी की 100 फीसदी शुद्धता का भरोसा मिलेगा। दुकानदार भी ग्राहकों को धोखा नहीं दे सकेंगे। ग्राहकों का भरोसा मजबूत होगा, उन्हें मिलावटी धातु से तैयार महंगे सामानों से निजात मिलेगी। चांदी की हॉलमार्किंग में बीआईएस का चिन्ह, गुणवत्ता का मानक, और एचयूआईडी नंबर होगा। सरकार ने चांदी की शुद्धता के छह स्तर तय किए हैं, जिनके आधार पर धातु की शुद्धता को परखा जा सकेगा ।सरकार ने चांदी के गहनों की स्वैच्छिक हॉलमार्किंग शुरू की

बता दें कि इससे पहले केंद्र सरकार ने विगत 4 सितंबर को कहा था कि एक सितंबर से चांदी के गहनों और अन्य वस्तुओं के लिए स्वैच्छिक हॉलमार्किंग शुरू कर दी गई है ।भारतीय मानक ब्यूरो ( बीआईएस ) ने आईएस 2112-2025 के प्रकाशन के साथ हॉलमार्किंग मानक को संशोधित किया है। यह पहले के 2112-2014 आईएस संस्करण का स्थान लेगा। बयान के मुताबिक, नई प्रणाली के तहत उपभोक्ता बीआईएस केयर मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग कर एक सितंबर, 2025 के बाद हॉलमार्क किए गए चांदी के आभूषणों के प्रकार, शुद्धता ग्रेड, हॉलमार्किंग तिथि, परीक्षण केंद्र का विवरण और जौहरी पंजीकरण संख्या की पहचान

## म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या अगस्त में बढ़कर 24.89 करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंची

मुंबई,18 सितंबर ( एजेंसी )। । म्यूचुअल फंड फोलियो की कुल संख्या अगस्त में बढ़कर 24.89 करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो कि इससे पिछले महीने जुलाई से 1.3 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। वित्त वर्ष 25 के पहले पांच महीनों की तुलना में वृद्धि दर धीमी रही है, जब फोलियो की संख्या लगभग 14 प्रतिशत बढ़कर 16.99 करोड़ से 19.4 करोड़ हो गई थी। ये आंकड़े व्यक्तिगत निवेशकों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं, क्योंकि एक निवेशक विभिन्न योजनाओं में कई फोलियो रख सकता है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया ( एएमएफआई ) के अगस्त के आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी योजनाओं में सबसे बड़ा हिस्सा 17.32 करोड़ फोलियो का था।

विश्लेषकों ने कहा कि न्यू फंड ऑफर ( एनएफओ ) एक्टिविटी में कमी, निवेशकों की सतर्क धारणा और फोलियो कंसोलिडेशन के कारण फोलियो संख्या में वृद्धि धीमी रही। अगस्त में 23 योजनाएं लॉन्च हुईं, जिनमें निवेशकों से 2,859 करोड़ रुपए जुटाए गए।

आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले यूनित परमानेंट अकाउंट नंबर ( पैन ) होल्डर्स की संख्या मार्च 2020 के 2.1 करोड़ से दोगुनी होकर मार्च 2024 में 4.5 करोड़ हो गई है, जिससे निवेशकों की भागीदारी में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 26 में अप्रैल से अगस्त तक फोलियो की संख्या में वृद्धि धीमी होकर 5 प्रतिशत रह गई, जो वित्त वर्ष 25 की इसी अवधि में 13.8 प्रतिशत थी।

डेट स्कीम फोलियो की संख्या अगस्त में बढ़कर 76 लाख हो गई, जो अप्रैल के 70 लाख से बढ़कर पिछले साल की इसी अवधि में मामूली गिरावट से उबरकर हुई है ।हाइब्रिड स्कीम में फोलियो की संख्या मई में बढ़कर 1.68 करोड़ हो गई, जो अप्रैल के 1.58 करोड़ से बढ़कर पिछले साल की तुलना में थोड़ी अधिक है।

# फोरलेन कोरबा कुसमुंडा मार्ग बना जी का जंजाल

## बारिश थमते ही सड़क से उड़ रही धूल से लोग परेशान



### हर 4-5 घंटे में झाड़ू लगाने की पड़ रही जरूरत


लोगों ने बताया कि अब तो सड़क और खराब हो गई है। कोल डस्ट उड़ रहा है। गड्ढों में कोयले का चूर्ण डाल दिया गया है। बारिश थमने के बाद अब कोल डस्ट उड़ रहा है। बारिश में यह कीचड़ बन गया था। हमारे लिए आगे कुआं पीछे खाई जैसी स्थिति है। नेता और जनप्रतिनिधि हवा हवाई निर्देश दे रहे हैं। इसका धरातल पर कोई असर नहीं दिख रहा है। कोल डस्ट सभी के घरों में घुस रहा है। हर 4-5 घंटे में झाड़ू लगाने की जरूरत पड़ती है। हमारे आंदोलन के बाद भी प्रशासन की ओर से गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है, केवल खानापूर्ति की जा रही है।

कोरबा ( छ.ग.गौरव )। कुसमुंडा फोरलेन की अधूरी सड़क यहां रहने वाले लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है। सर्दी हो या गर्मी कभी राहत नहीं है। बारिश में सड़क पर गड्ढों में पानी जमा हो जाता है। इससे सफर करना और मुश्किल हो जाता है। अब बारिश थमते ही धूल के उड़ रहे गुबार ने परेशानी बढ़ा दी है।

यह स्थिति पिछले कई साल से बनी हुई है। हाल ही में गत 24 अगस्त को क्षेत्र के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान जर्जर और यहां भर रहे पानी को लेकर खींचने का प्रयास किया। इसके लिए लोग सड़क पर उतरे। गड्ढों में भरे गंदे पानी से स्नान किया। प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन तक अपनी समस्याओं को पहुंचाने का प्रयास किया। लोगों को उम्मीद थी कि शायद शासन-प्रशासन कुसमुंडा क्षेत्र की सड़क की सुध लेकर निर्माण कार्य शुरू करेगा। लेकिन अभी तक सड़क पर काम शुरू नहीं हुआ है। स्थिति पहले से और अधिक खराब हो गई है। इस बीच बारिश बंद होने से सड़क पर जमा कोल डस्ट और मिट्टी के कण छोटी बड़ी गाड़ियों के चलने से हवा में उड़कर आसपास के मकानों तक पहुंच रहा है। सड़क किनारे स्थित मकानों और दुकानों की दीवार काली हो गई है, जो इस बात का प्रमाण है कि यहां की आबो हवा ठीक नहीं है। कोल डस्ट और मिट्टी के उड़ते कण से न सिर्फ यहां रहने वाले परेशान हैं, बल्कि राहगीर भी चिंतित हैं। सड़क की जर्जर स्थिति से कुसमुंडा क्षेत्र की जनता नाराज है। लोगों का कहना है कि पहले क्षेत्र की जनता ने अपना प्रतिनिधि चुना था, उन्होंने अपने कार्यकाल में सड़क नहीं बनाया। अभी कुसमुंडा के लोगों ने जिन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, वे भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि कई बार ऐसे मौके आएं हैं, जब चुने गए जनप्रतिनिधि यहां से चमचमाती गाड़ियों में निकल गए हैं। इस सड़क से उन्होंने मुंह फेर लिया है। सड़क नहीं बनाए जाने से यहां निवासरत लोगों व व्यवसायियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

# देवी स्थलों में नवरात्र को लेकर तैयारी जोरों पर

## हजारों की संख्या में प्रज्वलित होंगे मनोकामना ज्योति कलश



कोरबा ( छ.ग.गौरव )। देवी स्थलों में नवरात्र को लेकर तैयारी जोरों पर है। विकासखंड पाली मुख्यालय एवं आसपास के सभी देवी मंदिरों और देव स्थलों में शारदीय नवरात्र पर्व और दुर्गा उत्सव, दशहरा पर्व धूमधाम और भक्ति भाव से मनाने के लिए जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। पर्व क्षेत्र में 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा।

नगर पंचायत पाली में आदिशक्ति सती दाई मंदिर, ग्राम देवी महामाया देवालय, मां कालिका मंदिर, ठाकुर देव स्थल पटेलपारा, बड़ा देव शक्तिपीठ स्थल, जलाराम मंदिर में दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र मनाने के लिए मंदिर समितियों की ओर से तैयारी शुरू कर दी है। निर्धारित स्थलों पर घृत, तेल और जवारा ज्योति कलशो का पंजीयन किया जा रहा है। मंदिर और मंदिर परिसर की साफ सफाई, रंग रोगन का कार्य चल रहा है। कलश भवन मनोकामना ज्योति कलश के लिए तैयार किए जा रहे हैं। नवरात्रि पर मां आदिशक्ति के विभिन्न रूपों की पूजा अर्चना की जाएगी। सुबह व शाम आरती, मनोकामना ज्योति कलशो, भजन कीर्तन, माता सेवा, जागरण आदि की विभिन्न कार्यक्रमों के लिए तैयारियां अंतिम चरण पर है। इसके अलावा पाली के आसपास के देवी मंदिरों देवी स्थलों में भी नवरात्रि का पर्व मनाने ग्रामीण एकजुट होकर तैयारी में जुटे हुए हैं। पाली के निकट आदि वनदेवी चेपा रानी, सकरिया पाठ मुनगाडीह, वामन पाठ पड़रापतरा, दुर्गा मंदिर पोड़ी, महामाया काली मंदिर लाफा, चैतमा, नुनेरा, बांदाखार, रंगोले, परसदा, कोसगई देवी सीस सहित लगभग सभी गांव में नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। आस्था के दीप प्रज्वलित होंगे। साथ ही जवारा बोए जाएंगे। इस पर्व पर तीन हजार से अधिक मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होने का अनुमान है।



# 12 हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों में दहशत

## सूरजपुर से कटघोरा वनमंडल में पहुंचे हैं एक दर्जन हाथी

कोरबा ( छ.ग.गौरव )। सूरजपुर से कटघोरा वनमंडल में पहुंचे 12 हाथियों के झुंड ने लोगों का चैन छीन लिया है। झुंड एक ओर जहां धान की फसल को बर्बाद कर रहा है, वहीं दूसरी ओर रिहायसी इलाकों में पहुंच रहा है। इससे लोग दहशत में हैं। लोग जागकर रात गुजार रहे हैं।

कुछ दिनों से कटघोरा वनमंडल में मोरगा के आसपास 12 हाथियों का एक झुंड विचरण कर रहा है। इसमें बेबी एलीफेंट भी हैं। झुंड दिनभर जंगल में रहता है। शाम होते ही जंगल से निकलकर खेतों तक पहुंचने लगता है। पैरों से दबाकर फसल को रौंद देता है। बुधवार को हाथियों का झुंड मोरगा से गांव उचलेंगा के रास्ते अरसिया को जाने वाली सड़क पर पहुंच गया। इससे थोड़ी देर के लिए सड़क जाम हो गया। हाथियों को जंगल की ओर से खदेड़ने के लिए ग्रामीणों का समूह सड़क पर एकत्र हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब पखवाड़ेभर से हाथियों का झुंड मोरगा से खिरटी और उचलेंगा के बीच जंगल में ठहरा हुआ है। इससे क्षेत्र के लोगों में दहशत है। लोग अपनी जानमाल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

# कोल इंडिया ने अनुग्रह राशि को 15 से किया 25 लाख

## विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कोल इंडिया ने जारी किया आदेश



### मिलेगा एक करोड़ का बीमा कवर

सुरक्षा हर कर्मचारी की, सुरक्षा में एकजुट,भविष्य के लिए सशक्त, टैगलाइन के तहत कॉर्पोरेट वेतन पैकेज के अंतर्गत नियमित कर्मचारियों को एक करोड़ रुपए का बीमा कवर और ठेका के लिए 40 लाख रुपए बीमा सुविधा का लाभ मिलेगा। इस योजना से 2 लाख 15 हजार से अधिक नियमित कर्मचारी और 44 हजार संविदा कर्मचारी पहले ही जुड़े हैं। कर्मचारियों को इसके लिए अलग से बीमा प्रीमियम नहीं देना पड़ेगा संबंधित बैंक ही इस सुविधा प्रदान करेंगे। इसे दस प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकों और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के साथ समझौता ज्ञापन के माध्यम से इसका क्रियान्वयन किया गया है।

कोरबा ( छ.ग.गौरव )। बुधवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर कोल इंडिया प्रबंधन ने वी केयर पहल के तहत कोयला खदानों में घातक दुर्घटनाओं से कर्मचारियों की मौत होने पर दी जाने वाली अनुग्रह राशि ( एक्सग्रेशिया ) को 15 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दिया है। इसका आदेश भी जारी कर दिया गया है। कोल इंडिया के कार्यकारी निदेशक ( मानव संसाधन ) की ओर से इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि रोजगार के दौरान या उसके कारण होने वाली घातक खदान दुर्घटना के मामले में मृत अधिकारी और कर्मचारियों के निकटतम आश्रित परिजन को दिया जाने वाला अनुग्रह राशि को मौजूदा 15 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए किया गया है।

कोयला कंपनियों में काम करने वाले ठेका श्रमिकों के मामले में भी यह लागू होगा। ठेका कर्मचारी की घातक दुर्घटना में मृत्यु पर इस अनुग्रह राशि का भुगतान संबंधित ठेकेदार वहन करेगा। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने पिछले दिनों कोल इंडिया कर्मचारियों के लिए नई वर्दी, कॉर्पोरेट वेतन पैकेज और अनुग्रह लाभों में बढ़ोतरी को लेकर घोषणा की थी। इसी तारतम्य कोल इंडिया में इसका पालन शुरू हो गया है।

कोयला खदानों में कार्य के दौरान कर्मचारियों की दुर्घटनाओं में मृत्यु होने पर अब तक 15 लाख रुपए अनुग्रह राशि का भुगतान किया जा रहा था। कोयला उत्पादन के कार्य में योगदान देने वाले कर्मचारियों की घातक दुर्घटनाओं में मृत्यु पर दी जाने वाली यह अनुग्रह राशि मृतक कर्मचारियों के परिवार वालों के लिए एक बड़ी राहत और मदद होगी। कोल इंडिया के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की 480 वीं मीटिंग 26 जून 2025 को कोल इंडिया मुख्यालय में आयोजित हुई थी। इसमें नियमित एवं ठेका कर्मचारियों के लिए कार्य के दौरान घातक दुर्घटनाओं में मृत्यु पर दी जाने वाली अनुग्रह राशि को 15 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने का निर्णय लिया हुआ था। प्रबंधन ने 26 जून 2025 से ही इस निर्णय को लागू करने का आदेश जारी किया है।

# दो दरवाजे की हुई चोरी

कोरबा ( छ.ग.गौरव )।पसान क्षेत्र के एक पंच के निर्माणाधीन मकान से दो दरवाजे की चोरी हो गई। मकान ग्राम कोरबी निवासी शांति सारथी का है। शांति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शांति का कहना है कि उसका योजना अंतर्गत आवास निकला है। वह मकान का निर्माण करा रही है। इस निर्माणाधीन मकान के लिए दो दरवाजा रखा था। इसकी चोरी हो गई। शांति ने गांव में रहने वाले युवक पर संदेह जारी किया है। पुलिस ने मामले में चोरी का अपराध दर्ज किया है।

# हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम सुस्त

कोरबा ( छ.ग.गौरव )। वर्ष 2019 से पहले खरीदी गई वाहनों में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने की प्रक्रिया धीमी हो गई है। परिवहन विभाग समय के साथ इसमें रूचि नहीं ले रहा है। प्रचार-प्रसार में कमी के कारण वाहन मालिक भी नंबर प्लेट लगाने को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। वर्ष 2019 से पहले परिवहन विभाग में पंजीकृत गाड़ियों में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का कार्य प्रदेश भर में चल रहा है, लेकिन कोरबा में नंबर प्लेट का काम सुस्त पड़ गया है। इसके पीछे बड़ा कारण जिला परिवहन अधिकारी का रूचि नहीं लेना है। परिवहन अधिकारी की उदासीनता से अभी तक 70 फीसदी गाड़ियों में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट नहीं लगा है। इसमें सबसे अधिक दोपहिया वाहन हैं। चारपहिया गाड़ियों की संख्या भी शत् फीसदी पूरा नहीं हुआ है।

# बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान

## दिन हो या रात बार बार गुल हो रही बिजली

कोरबा ( छ.ग.गौरव )। ऊर्जा नगरी में बिजली आपूर्ति व्यवस्था लचर है। शहर में बिना हवा और बारिश के बार-बार बिजली बंद होना आम समस्या हो गई है। शहर के लगभग अधिकांश क्षेत्रों में रोज लाइन ट्रिपिंग और बिजली बंद की समस्या हो रही है। इसे लेकर पूरे शहर वासी परेशान है। लेकिन लोगों को इस समस्या से निजात नहीं मिल रही है।



शहर के पाड़ीमार जोन अंतर्गत स्थित इंडस्ट्रियल एरिया सबस्टेशन से ही जुड़े क्षेत्र में ही समस्या काफी गंभीर है। यहां 33/11 केवी का सब स्टेशन संचालित है। यह शहर के काफी पुराने बिजली सब स्टेशनों में से एक है। इस सब स्टेशन से गोकुलनगर,इंडस्ट्रियल एरिया और बालको फीडर के जरिए शहर औद्योगिक क्षेत्र के अलावा गोकुल नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जेल कॉलोनी,रिसदी,डूमरडीह और आसपास के अन्य क्षेत्रों में बिजली की सप्लाई की जाती है। लेकिन वर्तमान में इंडस्ट्रियल एरिया सब-स्टेशन की लाइन से जुड़े क्षेत्रों में बिजली की समस्या गहरा गई है। आए दिन लाइन फाल्ट की शिकायत के कारण इन क्षेत्रों में बिजली बंद की समस्या रहती है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से समस्या और बढ़ गई है। क्षेत्र में किसी भी समय बिजली बंद हो जाती है। घंटों तक बिजली बंद के बाद भी पावर ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है। लोगों का कहना है कि शहर की बिजली व्यवस्था भगवान भरोसे है। बिजली के आने-जाने का कोई टाइम निर्धारित नहीं है। कभी मेंटेनेंस के नाम पर तो कभी आंधी बारिश की वजह से फाल्ट की समस्या से शहर क्षेत्र में असमय बिजली गुल हो जाती है।

### इंडस्ट्रियल एरिया बिजली सब-स्टेशन से जुड़े क्षेत्रों में परेशानी कायम

इंडस्ट्रियल एरिया बिजली सब-स्टेशन से पहले ही भैसमा,करतला व इसके आसपास के कई गांवों में बिजली की सप्लाई की जाती थी। इसके कारण इस सब स्टेशन पर काफी लोड रहता था। लेकिन खरमोरा में 132 केवीए सबस्टेशन के चार्ज होने के बाद दूरस्थ गावों के लिए बिजली सप्लाई खरमोरा 132 केवीए सब-स्टेशन से की जाने लगी। इसके अलावा खरमोरा में 33/11 केवी का अलग सब-स्टेशन का निर्माण होने से भी इस क्षेत्र के लोगों को राहत की उम्मीद थी। लेकिन इसके बाद भी इंडस्ट्रियल एरिया बिजली सब-स्टेशन से जुड़े क्षेत्रों में बिजली की समस्या दूर नहीं हो रही है।

# शराब पीने से मना करने पर पिटाई

कोरबा ( छ.ग.गौरव )। सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत दशहरा मैदान में शराब पीने से मना करने पर कुछ लोगों ने युवक से मारपीट कर दी। घटना में पोड़ीबहार ठाकुर चौक के पास रहने वाले अजय यादव को चोटें आई है। पीड़ित ने कामेश, दिव्य साहू व उसके साथियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि पोड़ीबहार दुर्गा पंडाल के पास कुछ लोग शराब पी रहे थे। शराब पीने से मना करने पर हाथ में रखे पंच से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट का अपराध दर्ज किया है।

# सड़क हादसे में भाई बहन घायल

कोरबा ( छ.ग.गौरव )।बांगो क्षेत्र के लमना के ढाबा के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को ठोकर मार दिया। हादसे में बाइक सवार भाई-बहन घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल के भाई ने हादसे की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम अमहवा निवासी नरेश कुमार अपनी बहन कमला कुमारी के साथ बाइक पर सवार होकर ग्राम जजगी जाने के लिए निकला था। रास्ते में लमना के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को ठोकर मार दिया। बाइक सवार नरेश और कमला सड़क पर गिर गए। हादसे में दोनों घायल हो गए। इस बीच घटनास्थल पर भीड़ जुट गई। आरोपी कार चालक घटना को अंजाम देने के बाद गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# नवपदस्थ अधीक्षण अभियंता से बिजली कर्मचारी संघ महासंघ ने की मुलाकात

कोरबा ( छ.ग.गौरव )। वृत्त कार्यालय में नवपदस्थ अधीक्षण अभियंता बी के सरकार से छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों मुलाकात की। सदस्यों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया। वृत्त सचिव यशवन्त राठौर ने संघ के सदस्यों का परिचय कराया तथा आपसी समन्वय से संगठन को सहयोग प्रदान करने की बात रखी।प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने अधीक्षण अभियंता को हैंडबिल देकर महासंघ के सुचारू रूप से जारी आंदोलन के संबंध में अवगत कराते हुए सहयोग की अपेक्षा की।

इसके पश्चात सभी सदस्यों को राष्ट्रीय श्रम दिवस के बारे में अवगत कराते हुए भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के विचारों से अभिभूत होकर आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही हनुमान मंदिर विद्युत परिसर कार्यालय में मारुति विद्युत सेवा समिति के तत्वावधान में श्री विश्वकर्मा बाबा का पूजन कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा, वृत्त के अध्यक्ष सलिल शर्मा, कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश गांधी गुप्ता, सहकोषाध्यक्ष गजेन्द्र कौशिक, महिला प्रतिनिधि रंजनी ओगरे, रामबाई मर्सकोले, प्रचार सचिव सतीश साहू, जयंत देवांगन, विशाल सिंह, देवानंद बढ़ई, हरिश राठौर, बसंत पटेल ,उदय भानू ,सूरज दास उपस्थित रहे।




# सर्पदंश से ग्रामीण की गई जान

कोरबा। जिले के कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत कपाटमुडा में रहने वाले 40 वर्षीय जयपाल पटेल की सांप काटने से मौत हो गई।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार बीते बुधवार की रात घर में सो रहे जयपाल पटेल ने अपने आसपास एक जहरीले करैत सांप को देखा। जिसे पहले डंडे से मारकर घर के बाहर फेंक दिया फिर सोने चला गया। सुबह उसे बेचैनी होने लगी। आनन फानन में डायल 112 को कॉल किया गया, परन्तु डायल 112 के आने से पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। घटना से प्रतीत होता है कि मृत व्यक्ति को सोते समय सांप ने काटा होगा पर कॉमन करैत जिसको हिंदी में घोड़ा करैत बोलते हैं। उसके काटने पर दर्द और निशान का पता नहीं चलता। जिसके कारण व्यक्ति को पता ही नहीं चला होगा पर जब नजर पड़ी तो सांप को मारने के पश्चात वो संभवतः सो गया होगा। सुबह तक जहर पूरी तरह फैल गया हो जिसके कारण व्यक्ति की मौत हो गई। समय रहते अगर वो थोड़ा जागरूक होकर अस्पताल पहुंच गया होता तो शायद जान बच गई होती।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक किशोर शर्मा द्वारा कावेरी प्रिंटर्स, सी-35,प्रेस काम्पलेक्स टी.पी. नगर कोरबा ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित संपादक किशोर शर्मा, पंजीयन क्रमांक 7585/61 फोन नं. 07759-357623